हमारी लोक-कथाएँ

जल-कन्या

बुन्देलखण्डी

एक समय की बात है। कौनऊ नगर में एक राजा हतो। ऊके राज में रैयत के लोग पेट भर खात और नींद भर सोउत हते। कोऊखों काऊ बात की अड़चन नैं हती।

ओई शहर में राजा के महल के लिगा एक जसोंदी की टपरिया हतो। ऊके घर में मताई-बेटा दोई प्रानी हते। बेटा स्यानो हो गव तो। जसोंदी तो आय, उए गावे बजावे को बड़ो शौक हतो। जब मन में हुलास उठै तबई सारंगी उठाके गाउन-बजाउन लगत तो। राजा साब जसोंदी कौ गावो सुन के मगन हो जात ते। घंटों सुनत रैत ते। राजकाज सें फुरसत पाके जब राजा रातखों अपने महल में सोबेखों आउत हते तो पलका पै परे-परे जसोंदी की ताने सुनके दिन भर की थकान भूल जात ते।

एतरां भौत दिन निकर गए। एक दिना की बात है कै राजा राज-काज से निबट कें रातखो अपने पलका पै आके सो गव। हारो थको तो आय, पर तऊं नीद लग गई। फसर फसर सोउन लगो। सोउत में उए सपनो आव। का देखत है कै एक भौत बड़ो घनो जंगल है। जंगल के बीच एक तला है। तला की पार पै एक मन्दिर है। मन्दिर के भीतर एक भोंहरो है। ओ भोंहरे मे से घुसो तो नौ छिड़ियां उतर कै एक कुआ दिखानो। वो कुआ मे कूंद परो तो नैचे जाकें का देखत है कै एक सुन्दर बाग है। बाग के बीच में एक महल बनो है। महल में एक सोरा वर्ष की भौत कबूल सूरत कन्या ठाड़ी है। राजा ईतरां सपनो देख रव हतो। एई बिरियां रूं-रूं-रूं करके जसोंदी की सारंगी बज उठी। राजा को सुख-सपनो भंग हो गव। नीद खुल गई। राजा ने सपने में जो जो बातें देखी हती, जगवे पै उतै एकऊ नै

जल-कन्या

हिन्दी रूपान्तर

एक समय की बात है। किसी नगर मे एक राजा था। उसके राज्य में प्रजा के लोग पेट-भर खाते और नींद-भर सोते थे। किसी बात का कष्ट न था।

उसी शहर मे राजा के महल के पास जसोदी की एक झोपडी थी। उसके घर में मा-बेटे दो ही जने थे। लडका सयाना हो गया था। जसोदी को गाने-बजाने का बडा शौक था। जब उमग उठती तभी सारंगी उठाकर गाने-बजाने लगता। राजा साहब जसोदी का गाना सुनकर मस्त हो जाते थे। घटो सुनते रहते थे। राज के काम से फुरसत पाकर रात को जब वे अपने महल में सोने के लिए आते तो पलग पर पडे-पड़े जसोदी की तानें सुनते और दिन-भर की थकान भूल जाते।

इस तरह बहुत दिन बीत गए। एक दिन की बात कि राजा कचहरी से निबट कर रात को महल में सो रहे थे। खूब गहरी नींद मे थे। उन्हें सपना आया। देखते क्या है कि एक बडा जगल है। जगल के बीच में एक तालाब है। तालाब के किनारे एक मदिर है। मदिर के भीतर एक भोहरा है। भोहरे में घुसे तो नौ सीढिया उतरने पर उन्हें एक कुंआ दिखाई दिया। वह कुए में कूद पडे। नीचे जाकर क्या देखते है कि एक बहुत सुन्दर बाग है। बाग के बीच मे एक महल बना है। महल में एक सोलह वर्ष की रूपवती कन्या खडी है। राजा इस प्रकार सपना देख रहे थे। इसी समय 'रू-रू-रू' करके जसोदी की सारगी बज उठी। राजा का स्वप्न टूट गया। नींद खुल गई। राजा ने सपने में जो-जो बातें देखी थी, जागने पर उनमें से एक भी दिखाई न दी। राजा को बडा क्रोध आया। इस दुष्ट ने मेरा बना-बनाया

दिखानी। राजाखों क्रोध उपजो। ये दुष्ट ने बनो बनाओ काम बिगार दव! सिपाई सें कई—"जाव जसोंदी खों पकर ल्याव।" सिपाई जसोंदी के घरै जाकें बोलो—"चलो, तुमें राजा साब बुलाउत हैं।" वो मन में सोचन लगो, राजा हमें कायखों बुलाउत हुइएं? मैंने काऊ की टटिया तो काटी नैयां, नै काऊ की वहू-बिटिया पकरी है। फिर जौ आधी रात के समैं बुलौवा कैसो? फिर मनमें गुनी 'कर नईं तो डर नईं' जाके सुनो चाइये। वो सिपाई के संगे हो गव। राजा की नजर जसोंदी पै परी तो कान लगो—"कायरे पाजी, तू बेरा कुबेरां हमेसईं गाउत बजाउत है। तोरी तान से हमाई नींद टूट गई। सुख-सपनो भंग हो गव। वो तला, वो मंदिर वो बाग और वा जल-कन्या सब बिला गईं। खबरदार! अब तू जो कऊं आज से गाहे-बजाहे तो तोखों राजसें निकार दैहों या जानसें मरवा डार हों।" जसोंदी राजा की बात सुनके घबरा गव। 'सरकार की जैसी मरजी' कहके घरै लौट आव।

जसोंदी खों गावे-बजावे की आदत हती। रात खों सोवे के पैलऊ जबलौं वो घरी दो घरी गा बजा नैं लेत हतो तौलौं नींद नै आउत हती। अब राजा ने रोक लगा दई। बिछौना पै परै तो नींद नै आवे। ई करोंटा ऊ करोंटा करकें रात काटन लगो। एक दिना ऊसें नै रहो गव। सारंगी उठाई और गाउन लगो। राजा ऊ समय सो रव हतो। गावे की अवाज सुनी तो नींद खुल गई। जसोंदी खों पकर बुलाओ। देखतऊं गुस्सा भड़क परी—दो कौंड़ी को आदमी और हमाई हुकमउदूली करै! आव देखो नै ताव, जल्लादों खों बुलाकें हुकम दै दव कै "जाव ई की मूंड़ काट डारो और आंखें निकार ल्याव।"

जल्लाद जसोंदी को हात पकर के जंगल में लै गए। तरवार निकार कें मारन लगे। जसोंदी घबरा गव। पांव पै गिर के विन्ती करन लगो—"मोय जिन मारो, मैं गरीब आदमी हों। छोड़ देव तो बड़ो पुन्न हुइये। और जा बात सोई समझ लेव कै राजों के चित्त को कछू ठिकानो नईं रय। कौन बेरां का कैन लगें। आज मारबे की कई है, काल कऊं कान लगे हमें जसोंदी

काम बिगाड दिया। उन्होने तत्काल सिपाही से कहा, "जाओ, जसोदी को पकड लाओ।"

सिपाही ने जसोदी के घर जाकर कहा, "चलो, तुम्हे राजा साहब बुलाते है।" जसोदी मन मे सोचने लगा कि राजा साहब मुझे किसलिए बुलाते होगे ? मैने किसीकी न तो चोरी की है और न किसी की बहू-बिटिया को बुरी निगाह से देखा है। फिर आधी रात के समय यह बुलावा कैसा ? मन मे सोचा, "जब कर नही तो डर नही।" जाकर सुनना चाहिए। वह सिपाही के साथ हो गया। राजा की नजर जसोदी पर पडी तो वह कहने लगे, "क्यो रे पाजी, तू समय-असमय हमेशा गाता-बजाता रहता है ? तेरी तान से मेरी नीद टूट गई। मेरा सुख-स्वप्न भग हो गया। वह तालाब, वह मदिर, वह बाग और वह जल-कन्या गायब हो गई। खबरदार ! आज से अब अगर गाया-बजाया तो तुझे राज्य से निकाल दूगा या जान से मरवा डालूगा।"

"सरकार की जैसी मरजी"—कहकर जसोदी घर आ गया।

जसोदी को गाने-बजाने की आदत थी ही। रात को सोने के पहले जबतक वह घडी दो घडी गा न लेता, तबतक उसे नीद न आती। अब राजा ने रोक लगा दी। बिछौने पर लेटे तो नीद न आवे। इस करवट, उस करवट करके रात बिताने लगा। एक दिन उससे न रहा गया। सारगी उठाई और गाने लगा। राजा उस समय सो रहा था। गाने की आवाज सुनी तो नीद खुल गई। जसोदी को पकड बुलाया। देखते ही क्रोध भडक उठा। दो कौडी का आदमी और मेरी आज्ञा न माने ! आव देखा न ताव, जल्लादो को बुला कर हुक्म दे दिया—"जाओ, इसका सिर काट डालो और आखे मेरे सामने पेश करो।"

जल्लाद जसोदी को पकड कर जगल मे ले गए और वहा उसे मारने लगे। जसोदी घबडा गया। उनके पैरो पर गिर कर कहने लगा, "मुझे मत मारो, मै गरीब आदमी हू। मुझे छोड दोगे तो आप लोगो को बडा पुण्य होगा, क्योकि मै निरपराध हू। यह बात भी आपके समझने की है कि राजाओ के चित्त का कोई ठिकाना नही, किस समय क्या कहने लगे। आज मार

खों चाने है, उए हाजर करो; तो का कर हो ?" जल्लादों को जसोंदी की बात जंच गई। जसोंदी खों छोड़ दव और एक बुकरा मार के ऊकी आंखें राजा के सामने पेश कर दईं।

एक दिना की बात राजा व्यारू करकें सो रव। सोउत में फिर ओई सपनो देखन लगो—एक बडो जंगल है। जंगल के बीच में तला है। तला की पार पै मंदिर बनों है। मंदिर के बीच में भोंहरो है। भोहरे की नौ छिड़ियां उतरवै पै एक कुआ दिखानो। वो कुआ में कूंद परो तों का देखत है नैंचे एक भौत सुन्दर बाग है। बाग के बीच में महल है। महल में एक जल-कन्या रेत है। ऊ के संगे हमारो ब्याव हो गव है।

सपनो पूरो हो गव। नींद खुल गई। जगवे पै देखो तो कहूं कछू नें दिखानो। राजा मनमें विचारन लगो मैंने नाहक जसोंदी खो मरवा डारो। राजा ऊ दिन से उदास रहन लगो। खावो पीवो सब फीको लगन लगो।

अब जसोंदी कौ किस्सा सुनो। जल्लादों के हात सें छूट कैं वो प्रान लैकें भगो। भगत-भगत संजा समै जंगल के बीच ओई तला पैंजा पौंचो जेखों सपने में राजा ने देखो हतो। जसोंदी ने सोची कछू दिना इतईं लुक-छिप कैं रव चाइये। एकांत जगा है। जो कऊं राजाखों मोरो पतो चल जैहे तो पकरवा के मरवा डार है। रात भई तो वो तला की पार के एक रूख पै चढ़ गव। अंधयारो बढ़न लगो। वो डार सें चिपट कैं रैं गव।

आधी रात के समै चंदा ऊगो। उजयारो फैल गव। इतने में का देखत है कै एक सोरा बरस की भौत कबूल सूरत कन्या तला पै आई। स्नान करके मंदिर गई। पूजा करकें सात मुठी चून चढ़ाके भोंहरे की रस्ता में चली गई। ऊके संगे एक कुत्ता आव हतो वो चून खान लगो। चून खाकें वो सोई चलो गय। जसोंदी ओई हाल नित देखत हतो। एक दिना जब जल-कन्या चून चढ़ा कैं चली गई तब जसोंदी हिम्मत करके नैंचे उतरो और ऊने वो चून समेट लव। आस-पास सें लकरिया बीनीं और तलाके पानी से चून उसन कें रोटीं बनाईं।

डालने को कहा है, कल यदि कहने लगे कि मुझे जसोदी की जरूरत है, उसे हाजिर करो तो ऐसी स्थिति में क्या करोगे ?" जल्लादो को जसोदी की बात जच गई। उन्होने उसे छोड दिया और एक बकरे की आखे निकाल कर राजा के सामने पेश कर दी।

एक दिन की बात। रात को राजा ब्यालू करके सो गये। सोते समय वह फिर वही सपना देखने लगे—एक बडा जगल है। जगल के बीच मे तालाब है। तालाब के किनारे मदिर है। मदिर के बीच भोहरा है। भोहरे की राह से नौ सीढिया उतरने पर एक कुआ दीखा। बाग के बीच एक महल बना था। महल मे एक सोलह वर्ष की सुन्दरी लडकी खडी थी। उन्होने देखा उस लडकी के साथ मेरा विवाह हो गया है। स्वप्न पूरा हो गया। नीद खुल गई। जागने पर देखा तो कही कुछ नही है। राजा मन मे विचार करने लगा कि मैंने जसोदी को व्यर्थ मरवा डाला। यह सोचकर वह उस दिन से उदास रहने लगा। खाना-पीना कुछ भी अच्छा न लगता था।

अब जसोदी का किस्सा सुनिये। जल्लादो के हाथ से छूटा तो वह जान बचाकर भागा। भागते-भागते सध्या समय जगल के बीच उसी तालाब के किनारे पहुचा, जिसे राजा ने सपने मे देखा था। जसोदी ने सोचा—कुछ दिन यही छिप कर रहना चाहिए। एकान्त जगह है। यदि राजा को मेरा पता चल गया तो वह मुझे मरवा डालेगा। रात हुई तब वह तालाब के किनारे के एक पेड पर चढ गया। अधेरा बढने लगा। डर के मारे डाल से चिपट कर रह गया। आधी रात के समय चन्द्रमा निकला। सब तरफ उजेला फैल गया। इतने मे वह देखता क्या है कि एक सोलह बरस की बहुत रूपवती कन्या तालाब पर आई। स्नान करके मदिर गई। देवता की पूजा की और सात मुट्ठी आटा चढाकर भोहरे के मार्ग से वापस चली गई। उसके साथ एक कुत्ता आया था। वह चढाया हुआ आटा खाने लगा। खाकर उसी मार्ग से वह भी चला गया। जसोदी यह हाल नित्यप्रति देखता था। एक दिन जब जल-कन्या मदिर मे आटा चढाकर चली गई तब जसोदी हिम्मत करके

अब ऊने सोची तलके पानी में हात माँ धोके भोजन करो चाइये। इतै कुत्ता मन में सोच रव हतो कै चून रोज मै खाता हतो आज ईने आके हमारो हवक छीन लव। जसोंदी तला पै हात माँ धोउन लगो। इतै छवका पाकें कुत्ता सब रोटीं उठा ले गव।

जसोंदी हात माँ धोकें लौटो तो देखत है कुत्ता सब रोटीं लंय जात है। वो पाछें दौरो। कुत्ता भोंहरे की राह में जाकें कुआ में कूंद परो। जसोंदी निराश होके लौट आव। सोची, आज गलती हो गई। भिनाने देखबी।

दूसरे दिना जसोंदी ने जंगल के फल फूल खाके दिन बिताय। रात भई तो फिर ओई रूख पै जा टंगो। जल-कन्या के आवे की बाट देखन लगो। जल-कन्या समय पै आई और मंदिर पै चून चढाकें चली गई। जसोंदी तो तकेंई बैठो हतो, झट उतरो और चून समेट लव। आज फिर दोई तरां ऊकी रोटीं बनाई। हात माँ धोवे के बहाने तला पै गव पै नजर रोटींई पै राखी। जब कुत्ता रोटी लैंवे भगन लगो तो ऊने झपट के उकी पूंछ पकर लई। कुत्ता ताकतवर हतो। वो कुड़रन लगो। कुत्ता मंदिर में घुसके भोंहरे को रस्ता सें कुआ में फूंद गव। जसोंदी पूछ सें लटको गव। भीतर पौंचो तो का देखत है कै एक सुन्दर बाग है। बाग में पहुंचतऊं जसोंदी ने पूंछ छोड़ दई। कुत्ता भगकें जल-कन्या के पास जा ठाढ़ो भव।

जल-कन्या जसोंदी खों देख कै सोचन लगी मोरे लानें भगवान ने वर भेजो है। ऊ की खातिरदारी करो चाइये। दासी खों भेजकें डेरा करा दय।

अब ऊने सोची परीक्षा तो करो चाइये जो वर गरीब घराने को है या अमीर। ऊने दो लोटो में जल भरवाव। एक चांदी को दूसरो पीतर को। दोई लोटा मेहमान के लिगा भिजवा दये। जसोंदी ने सोची, मैं तो जनम को गरीब आऊं, रोज पीतर के लोटासें पानी पियत हों, एक दिना चांदी के लोटामें पी लैहों तो का हुइये ?

ऐसी सोच ऊने पीतर को लोटा लै लव। अब जल-कन्या ने दो थारी परोसीं। एक में छप्पन भोजन और दूसरो में दार-भात। दोई

नीचे उतरा और मदिर मे जाकर आटा समेट लाया। आसपास से लकडी बीनकर उसने रोटिया बनाई। वह सोचने लगा कि हाथ-मुह धोकर भोजन करना चाहिए। उधर कुत्ता मन मे सोच रहा था कि यह आटा रोज मै खाता था। आज इसने आकर मेरा हक छीन लिया। जसोदी तालाब पर हाथ-मुह धोने गया। इधर अवसर पाकर कुत्ता सब रोटिया लेकर भाग गया। जसोदी तालाब से लौटा तो देखता है कि कुत्ता सारी रोटिया लिये भागा जा रहा है। वह दौडा। कुत्ता भोहरे के मार्ग से जाकर कुए मे कूद पडा। जसोदी निराश होकर लौट आया। आज गलती हो गई। कल देखा जायगा।

दूसरे दिन जसोदी ने जगल के फल-फूल खाकर दिन बिताया। रात हुई तो फिर उसी वृक्ष पर जा चढा। जलकन्या के आने की राह देखने लगा। जल-कन्या समय पर आई और मदिर पर आटा चढाकर चली गई। जसोदी तो ताक मे बैठा ही था। झटपट उतर कर आटा समेट लिया। आज फिर उसने रोटिया बनाई। हाथ-मुह धोने के बहाने तालाब की ओर गया पर नजर रोटियो पर ही रखी। जब कुत्ता रोटिया लेकर भागने लगा तो उसने दौडकर उसकी पूछ पकड ली। कुत्ता ताकतवर था। जसोदी को घसीट कर ले जाने लगा। कुत्ता भोहरे की राह से जाकर कुए मे कूद पडा। भीतर पहुचा तो देखता क्या है कि एक सुन्दर बाग है। बाग मे पहुचते ही उसने पूछ छोड दी। कुत्ता भागकर जल-कन्या के पास जा खडा हुआ।

जलकन्या जसोदी को देखकर विचार करने लगी कि मेरे लिए भगवान ने वर भेजा है। उसका आदर-सत्कार करना चाहिए। दासी को भेजकर डेरा करा दिया। अब उसने विचारा कि वर गरीब घराने का है या अमीर घराने का, इसकी परीक्षा करनी चाहिए। उसने दो लोटो मे जल भरवाया। एक चादी का, दूसरा पीतल का। दोनो मेहमान के पास भिजवा दिये। जसोदी ने सोचा कि मै तो जन्म का गरीब हू। नित्य पीतल के लोटे से जल पीता हू। आज चादी के लोटा से पी लूगा तो क्या होगा ? ऐसा सोच उसने पीतल का लोटा ले लिया। अब जल-कन्या ने दो थालिया सजोई। एक मे छप्पन भोजन परोसे दूसरे मे दाल-भात। दोनो थाली भिजवा दी। जसोदी ने

पाँचा दई। जसोंदी ने सोची एक दिना छप्पन भोजन खाये से का हुइये। जीभई लवक है। रोज तो दार-भात से काम परने है। ईसें दार-भात खावो ठीक। ऊने दार-भात खा लव। छप्पन भोजन की थारी ज्यों की त्यो धरी रैन दई। जब रात भई तो ऊने एक तो नोनों पलका बिछवा दव जैपै नरम गदेला और सेजें सुपेती बिछीं हतीं। दूसरी एक खटिया बिछवा दई और ऊपै कमरा डार दव। जसोंदी ने सोची अपनो काम तो रोज कमरई से परत है, एक दिना सेजों-सुपेती पै सो कैं का करहैं। वो खटिया पै सो रव। कन्या जान गई जो निचाट गरीब घराने को आदमी है। ई के संगे ब्याव कर वो जोग नैयां।

कछू दिन लौं जसोंदी उतै रहो। सोची पहुनई हो गई अब चलो चाइये। रातखों जब बेटी के संगे कुत्ता जान लगो तो जसोंदी ने ऊ की पूंछ पकर लई। वो कुत्ता के साथ तला की पार पै आ गव।

जसोंदी ने सोची जो सपनो राजाखों आव हतो वो मैंने प्रत्यक्ष देख लव। अब राजा खों ल्याकें दिखा दव चाइये। राजा भौत खुस हुइये। मोरो कसूर माफ कर दै है और कदाच बन पर है तो खासी इनाम गठ है।

ऐसी सोच वो चलो और दूसरे दिना घरै आ गव। टपरिया के दोर पै ठाड़ो होके टेरन लगो—मताई, ओ मताई! किवरिया खोलो।

मताई ने भीतर सुनी कोऊ टेरत है। वा बाहर आई। का देखत है कै ऊ को बेटा ठाडो है? वा कौक दैकें भगी। कान लगी—भूत है भूत। मोरे लरका खों तो जल्लादों ने मार डारो है जो ऊ को रूप धरकें को आ गव? डर के मारें थर-थर कपन लगी।

पीछे सें जसोंदी ने आके कई—"मताई डराव नैं। मैं तोरो लरका आउं। जल्लादों ने हमें मारो नैयां—छोड दय है। लिंगा आके देखो।"

डुकरिया खों परतीत हो गई। लरका खों पाकें डुकरिया की खुसी को पार नैं रव।

रात भई। घुल्ला पै सारंगी टंगी देखी तो मन हो आव। उठाकें बजावन लगो। मतारी बोली—"बेटा अब ऐसी नादानी नैं करो। राजा

सोचा कि एक दिन छप्पन भोजन खाने से क्या होगा ? जीभ ही बिगड़ेगी। रोज तो दाल-भात से काम पडता है। इसलिए दाल-भात खाना ठीक होगा। उसने दाल-भात खा लिया और छप्पन भोजन की थाली ज्यो-की-त्यो रखी रही। जब रात हुई तो जल-कन्या ने एक तो उत्तम पलग बिछवाया, जिसपर नरम बिछौना और सफेद चादर बिछी थी, दूसरी एक खटिया बिछवा दी और उसपर एक कम्बल डलवा दिया। जसोदी ने सोचा कि अपना काम तो नित्य कम्बल से ही पडता है। एक दिन उजली सेज पर सो लूगा तो क्या होगा ? वह खाट पर सो गया। कन्या समझ गई कि यह बिलकुल गरीब खान्दान का आदमी है। इसके साथ विवाह करना ठीक नही है।

कुछ दिन जसोदी वहा रहा। सोचा कि अब तो मेहमानदारी हो चुकी, अब चलना चाहिए। रात के समय जब बेटी के साथ कुत्ता जाने लगा तो जसोदी ने उसकी पूछ पकड ली। वह कुत्ते के साथ तालाब की पार पर आ गया।

जसोदी मन मे विचार करने लगा कि जो सपना राजा को आया था वह मैने आखो देख लिया। अब राजा को लाकर दिखाना चाहिए। राजा बहुत प्रसन्न होगा। ताज्जुब नही, कुछ भारी इनाम गठ जावे। मेरा अपराध तो माफ कर ही देगा। ऐसा सोच वह चला और दूसरे दिन घर जा पहुचा। झोपडी के द्वार पर खडे होकर पुकारने लगा, "मा, ओ मा, किवाड खोल दो।" बुढिया ने भीतर से सुना कि कोई बुला रहा है। वह बाहर आई तो देखती क्या है कि उसका लडका खडा है। वह चीख मारकर भागी। कहने लगी, "भूत है—भूत। मेरे लडके को तो जल्लादो ने मार डाला है। यह उसका रूप बनाकर कौन आ गया ?" वह डर के मारे थर-थर कापने लगी। इतने मे पीछे से जसोदी ने आकर कहा, "मा, डरो मत। मै तुम्हारा ही लडका हू। जल्लादो ने मुझे मारा नही है, छोड दिया है। पास आकर देखो।" बुढिया को भरोसा हो गया। लडके को पाकर उसकी खुशी का पार न रहा।

रात हुई। खूटी पर सारगी टगी देखी तो उसका मन हो आया। वह सारगी लेकर बजाने लगा। मा बोली, "बेटा, अब फिर ऐसी नादानी न कर।

सुनहै तो बुलाकें मरवा डार है।" लरका बोलो—"का चिन्ता है? एक दिना तो सबईखों मरने है।" सारंगी रूं-रूं-रूं करके बज उठी। गीत की गुंजार दसई दिशों मे फैल गई। राजा अपने महल में परो हतो। जसोंदी के कंठ की अवाज सुनी तो वो भौंचक्को होके रै गव। सोचन लगो, जसोंदी जो मारो गव, फिर जौ को गा रव है? अवाज तो बिलकुल जसोंदी जैसी है। राजा ने हुकम दव—"जो को गा रव है, तुरत पकर ल्याओ।" सिपाई ने जसोंदी खों पकर कें राजा के सामने ठाडो कर दव।

राजा की नजर जसोंदी पै परी तो अचक कें रै गव। बोलो—"अरे तू कहां से आ गव? का जल्लादों ने मारो नैया?" जसोंदी ने उत्तर दव—"सरकार, आपई के काम के लाने कछू दिनन की मुहलत माग लई है। एक जरूरी काम से सरकार के पास आव हों। मरजी होय तो सुनाऊं?" राजा बोलो—सुनाओ। जसोंदी कहन लगो—सरकार आपने जो कछू सपने में देखो हतो वो हमने प्रत्यक्ष देख लव है। हमारे संगे चलवो होय, मैं आपखों आंखों से दिखा दऊं।" जसोंदी की बात सुनके राजा उछल परो। कान लगो—सांची कैत है? जसोंदी बोलो—"साची कात हों राजा साब सांची। चनकट को का उधार, भुनसरां संगे चलो और अपनी आंखो से देख लेव।" राजा बोलो — जसोंदी, जो तुम हमखों हमारो सपने से प्रत्यक्ष बता दै हो तो हम तुम खों मों मागी इनाम देहें और राज को मंत्री बना देहें।" राजा की बात सुनकें जसोदी की बाछें खिल गईं। बोलो—"सरकार अब मैं घरै जात हों। भ्याने अवसई चलवो होय।"

भुनसरा होतऊं राजा ने दो ठौल घोड़ा तैयार कराये। एक पै राजा बैठो, दूसरे पै जसोंदी। दोई चले। चलत-चलत दिन लटके तलाकी पार पै जा पौंचे। घोडा कछू दूर एक रूख से बाध दये। तोबरों में दानो चढ़ा दव। तला की पार पै बैठ के दोई जनों ने भोजन करे और लौलैयां लगतऊं पेडे पै चढ़ गए। जब कछू रात बीत गई तब राजा पूछन लगो—"बा कितनी बिरियां आउत है?" जसोंदी ने जुआप दव—"बस राजा साब, तनक

राजा सुन पावेगा तो मरवा डालेगा।" लडके ने निर्भय होकर कहा, "क्या चिन्ता है, मा ? एक-न-एक दिन तो सभी को मरना है।" सारगी रू-रू रू रू करके बज उठी। गीत की गुजार दशो दिशाओ मे फैल गई। राजा महल मे पडा था। उसने जसोदी के कठ की आवाज सुनी तो वह चकित होकर रह गया। आवाज तो बिलकुल जसोदी जैसी है। राजा ने हुक्म दिया, "इस गानेवाले को पकड लाओ।" सिपाही ने जसोदी को पकडकर राजा के सामने खडा कर दिया।

राजा की नजर जसोदी पर पडी तो वह भौचक्का-सा रह गया। बोला, "अरे, तू कहा से आ गया ? क्या तुझे जल्लादो ने मारा नही है ?" जसोदी ने उत्तर दिया, "महाराज, आप ही के काम के लिए कुछ दिनो की मुहलत माग ली है। एक जरूरी काम से आपके पास आया हू। आप की आज्ञा हो तो सुनाऊ ?" राजा बोला, "सुनाओ।" जसोदी कहने लगा, "महाराज, आपने जो-कुछ सपने मे देखा था वह मै अपनी आखो देख आया हू। आप मेरे साथ चलने की कृपा करे। मै आपको प्रत्यक्ष आपकी आखो से दिखा दूगा।" जसोदी की बात सुनकर राजा खुशी से उछल पडा। बोला, "सच कहता है ?" जसोदी ने जवाब दिया—"सच कहता हूं, महाराज, सच। 'चनकट का क्या उधार ?' सवेरे हमारे साथ चलिए और अपनी आखो से देख लीजिए।" राजा बोला, "जसोदी, जो तुम मेरा सपना मुझे प्रत्यक्ष दिखा दोगे तो मै तुमको मुहमागा इनाम दूगा और तुम्हे राज्य का मत्री बना दूगा।" राजा की बात सुनकर जसोदी की बाछे खिल गई। वह बोला, "महाराज, अब मै घर जाता हू। सवेरे अवश्य ही चलिए।"

सवेरा होते ही राजा ने दो घोडे तैयार कराये। एक पर राजा बैठा, दूसरे पर जसोदी। दोनो चले। चलते-चलते दिनढले तालाब के किनारे जा पहुचे। घोडे कुछ दूर एक पेड से बाध दिये। दाना-पानी दे दिया। तालाब के किनारे बैठकर दोनो ने खाया-पिया और सध्या होते ही दोनो पेड पर चढ गए। जब कुछ रात बीत गई तब राजा पूछने लगा, "वह कब आती है ?" जसोदी ने उत्तर दिया, "बस महाराज, थोडी देर मे आने ही वाली है।"

देर में आउन चाहत हैं।" कछू समय इतै-उतै की बातों में और बीत गव। इतने में पैजनों की झनकार सुना परी। जसोंदी बोलो—"राजा साब हुसयार हो जाव, जल-कन्या आउत है।" राजा टकटकी लगा के देखन लगो। जल-कन्या अपने रूप को उजयारो फैलाउत आई और तला की पार पै ठाड़ी हो गई। देखतऊं राजा खों झमा आ गव। जब कछू समाधान भव तो कान लगो—"बस बस, जई आय। एईखां सपने में देखी हती। कैसी नोनीं लगत है। काय जसोंदी तुमने तो नीरे सें देखी हुइये?" जसोंदी बोलो—"राजा साब, उकताव नै, धीरज धरो। भ्याने भुनसारें तुम खुद नीरे सें देख लियो। अबै तो चुपचाप बैठे-बैठे तमाशो देखो।"

जल-कन्या ने देह पैसे चोली उतारी, तला में घुसी और सपर खोर कें सूखे उन्ना पैरे। फिर मंदिर में जाके पूजा करी और सात मुठी चून चढ़ाकें चली गई। जसोंदी सपाटे से उतरो और मंदिर में जाकें चून उठा लव। राजाखों बुलाकें कई—'तुम बैठो हम रोटी बनाउत हैं।'

जब रोटी बनकें तैयार हो गई तब बोलो—"सुनो राजा साब, कुत्ता जब रोटी लैके भगन लग है तब हम ऊको पूंछ पकर लैहें। तुम सोई लपककें हमारो हात गह लियो। बज्जुर को गहियो जी से छूटन नै पावे। हुसयार हो जाव।"

इतनी कहकें दोई जने तला की ओर गये। कुत्ता बैठो बैठो छक्का तक रव हतो। उनके हटतऊं वो उठो और रोटी लैके भगन लगो। जसोंदी मन तक देख रव हतो। झपट के ऊने एक हात से कुत्ता की पूंछ पकर लई और दूसरो हात राजा की ओर फैला दव। राजा ने ऊको हात गह लव। कुत्ता ताकतवर हतो। दोई जने कुड़रत गए। वो कूंद के मन्दिर में घुस गव और भोहरे की रस्ता से जाके कुआ में कूंद परो। नैचें आये तो फुलवारी में पोंच गए। जसोंदी ने पूंछ छोड़ दई। दोई जने बाग देखन लगे। अजूबा बाग हतो। राजा ने ऐसो बाग अपनी जिंदगी में कभऊ नै देखो हतो। देखतई बनत तो।

जल-कन्या जसोंदी खो तो चीनत हती, ऊके संगे एक सुन्दर युवक देख

कुछ समय और यहा-वहा की बातो मे बीत गया। इतने मे पेजनो की झनकार सुनाई दी। जसोदी बोला,"महाराज, होशियार हो जाइए। जलकन्या आ रही है।" राजा ध्यानपूर्वक देखने लगा। जलकन्या अपने रूप का प्रकाश फैलाती हुई तालाब के पार पर आ खडी हुई। देखते ही राजा को मूर्च्छा आ गई। कुछ समय मे जब सावधान हुआ तो कहने लगा,"बस-बस,यही है। इसी को मैने सपने मे देखा था। कैसी भली लगती है! क्यो जसोदी, तुमने उसे नजदीक से तो देखा होगा?" जसोदी बोला,"महाराज, आतुर मत हूजिए। धीरज रखिए। कल सवेरे आप उसे नजदीक से देख सकेंगे। अभी तो चुप बैठिए और तमाशा देखिए।"

जलकन्या ने देह पर से चोली उतारी, तालाब मे घुसी और स्नान करके सूखी धोती पहनी। फिर मदिर मे जाकर पूजा की और सात मुट्ठी आटा चढाकर चली गई। जसोदी सपाटे से उतरा और मदिर मे जाकर आटा उठा लिया। फिर उसने राजा को बुलाकर कहा, "आप बैठिए, मै रोटी बनाता हू।" जब रोटिया बनकर तैयार हो गई तब जसोदी कहने लगा, "सुनिए, राजा साहब, कुत्ता जब रोटिया लेकर भागने लगेगा तब मै दौडकर उसकी पूछ पकड लूगा। आप भी भागकर मेरा एक हाथ पकड लें। हाथ मजबूती से पकडे जिससे छूटने न पाय। अब सावधान हो जाइये।" इतना कह दोनो तालाब की ओर गए। कुत्ता बैठा हुआ मौका ताक रहा था। ज्योही वे वहा से हटे कि वह रोटिया लेकर भागा। जसोदी तो देख ही रहा था। दौडकर उसने एक हाथ से उसकी पूछ पकड ली और दूसरा हाथ राजा की ओर फैला दिया। राजा ने उसका हाथ पकड लिया। कुत्ता ताकतवर था। दोनो को घसीट कर ले गया। कुत्ता कूदकर मदिर मे चला गया और भोहरे के मार्ग से जाकर कुए मे कूद पडा। नीचे आये तो बाग मे पहुच गए। जसोदी ने पूछ छोड दी। दोनो बाग मे घूमने लगे। राजा ने ऐसा विचित्र बाग अपनी जिन्दगी मे कभी न देखा था। देखते ही बनता था।

जलकन्या जसोदी को पहचानती थी। उसके साथ एक सुन्दर युवक को देखकर प्रसन्न हुई। मन मे विचारने लगी कि भगवान ने आज मेरे लिए

के प्रसन्न हो गई। मन में कान लगी, भगवान ने आज मोरे लाने सुन्दर वर भेजो है। दासी भेजके महलन में डेरा करा दव। खूब आव-भगत करी।

जल-कन्या ने सोची अब परीक्षा लव चाइये। ऊने जैसी परीक्षा जसोंदी की लई हती वैसई राजा की लई। चांदी और पीतर के चरुओ में जल भेजो। राजा ने चांदी को लै लव और पीतर को जसोंदी खो दै दव।

बेटी मन में कान लगी—ठीक। जो राजा मालूम परत है और वो चाकर। सब तरां से परीक्षा लै लई। बेटी को मन भर गव। दोई जनो को व्याव हो गव। तीनई जने—जलकन्या, राजा और जसोंदी राजधानी में आ गये। राजा ने जसोंदी खों मंत्री बना दव। अबका है? जसोदी के दिन फिर गए। ठाटबाट से रान लगो।

एक दिना की बात राजा-रानी दोई बैठे बतकाव कर रये हते। राजा बोलो—"रानी साब, इतै रैत रैत मन उकता गव है, चलो नै कछू दिनन खों सैर—सपाटो कर अइये?"

रानी पतिव्रता हती। हरदम राजा को रुख देख के चलत हती। राजा की बात सुनकें बोली—"भौत अच्छी बात है। जैसी आपकी मरजी। हमें तो उतई नोंनों लगत है जहां आप रात हो।"

राजा, रानी और जसोदी मंत्री तीनई जने अपने-अपने घोड़ों पै असवार होके चले। चलत-चलत दो चार कोस निकर गए। जब टीकाटीक दुपरिया हो गई तो एक पेड़े की छाया तरें उतर परे। रानी ने कलेवा को डबा निकारो। राजा और मंत्री खों भोजन कराकें आप खावे के लाने बैठी। थारी परोसी हती, इतने में ऊपर डगार से एक सुआ टपको और धरती में गिरके छटपटाकें मर गव। रानी बोली—"राजा साब मुरदा डरो है। धरम कहत है कै मुरदा रहत भोजन नै करो चइयें। ईसे आप ईखां जिंदा कर देव।" राजा बोलो—"रानी साब, जिंदा करबो बाएं हात को खेल है, पै संजीवन गुटका तो घरै छोड़ आव हो।" राजा ने जसोदी से कई—"तुम जल्दी जाओ और घर सें गुटका उठा ल्याव। उलायते अइयो। रानी साब भूखीं बैठी है। पै खबरदार गुटका को खोल के नै पढ़ियो।" जैसी मरजी कहके जसोंदी

सुन्दर वर भेजा है। दासी भेजकर महल मे डेरा करा दिया। खूब आदर-सत्कार किया।

जलकन्या ने सोचा कि अब परीक्षा लेनी चाहिए। उसने जैसी परीक्षा जसोदी की ली थी वैसी ही राजा की ली। चादी और पीतल के लोटो मे जल भेजा। राजा ने चादी का लोटा ले लिया और जसोदी को पीतल का दे दिया। बेटी मन मे कहने लगी कि हो न हो,यह राजा मालूम पडता है और वह नौकर। सब प्रकार से परीक्षा ले ली। बेटी का मन भर गया। अब क्या था? दोनो का विवाह हो गया। तीनो आदमी—राजा, जलकन्या और जसोदी राजधानी मे आ गए। राजा ने जसोदी को मत्री बना दिया। जसोदी के दिन फिर गए। वह ठाठबाट से रहने लगा।

एक समय की बात है कि राजा रानी बैठे बातचीत कर रहे थे। राजा बोला, "रानी, यहा रहते-रहते मन ऊब गया है। चलो न, कुछ दिन बाहर सैर कर आवे?"

रानी पतिव्रता थी। हमेशा राजा का रुख देखकर चलती थी। राजा की बात सुनकर बोली,"बहुत अच्छी बात है। मुझे तो वही अच्छा लगता है, जहा आप रहते है।"

राजा, रानी और जसोदी मत्री, तीनो अपने-अपने घोडो पर सवार होकर चले। चलते-चलते दो-चार कोस निकल गए। जब ठीक दोपहर हो गया तो एक पेड की छाया मे तीनो उतर पडे। रानी ने भोजन का डिब्बा निकाला। राजा और मत्री को भोजन कराया। वह भी अपने लिए थाली परोसकर बैठी। इतने मे पेड पर से एक सुआ गिरा और छटपटा कर मर गया। रानी बोली, "महाराज, मुर्दा सामने पडा है। धर्म कहता है कि मुरदे के रहते भोजन नही करना चाहिए। इस कारण आप इसे जिन्दा कर दीजिए।"

राजा बोला,"रानी, जिन्दा करना बाए हाथ का खेल है। पर सजीवनी पुस्तक तो घर छोड आया हू।" राजा जसोदी से बोला,"तुम शीघ्र जाओ और घर से पुस्तक उठा कर लाओ। जल्दी आना। रानी भूखी बैठी है। पर देखो पुस्तक को खोलकर मत पढना।" "जो आज्ञा।"कहकर मत्री चला गया।

चलो गव। महलनमें जाके गुटका उठाओ और तुरतईं लौट परो। गली में ऊने सोची, जी डारबे को मंत्र कैसो होत है हमें सोई सीख लव चइये। पुस्तक खोलकें गली-गली मंत्र घोकत आव। ठिकाने पै आव तो पुस्तक राजा के हात में दै दई। राजा ने पुस्तक खोली। मंत्र पढ़के अपने शरीर सें प्रान निकारे और सुआ के शरीर में डाल दये। सुआ फडफडा कै उठो और डार पै जा बैठो। राजा की निर्जीव देह डरी देख जसोंदी के मन में वद दयांती उठी और ऊने मंत्र पढ़के अपने प्रान निकार के राजा के शरीर में डार दये। राजा को शरीर तो उठ बैठो और जसोंदी को शरीर मुरदा होके धरती पै गिर परो। रानी समझ गई। धोको हो गव। बिचारी हाय खाके रै गईं। कछू उपाव नै सूझो। जसोंदी जो राजा के शरीर में हतो बोलो—"चलो रानी साव, सैर हो चुकी, महलन खो चलिए।" रानी बेबस होके कछू ऊतर दये बिना ऊके संगे लौटके महलों खों आ गईं।

अब का हतो ? राजा तो सुआ बन गव और जसोंदी राजा। लोगन ने पूंछी मंत्री जू कहां रै गए ? तो कै दई, भगवान की लीला, वो तो मर गव। लरका को मरवो सुन के जसोंदन डुकरिया खूब बिलख-बिलख के रोउन लगी। राजा ने ऊखों अच्छी तरां समझाकें कही बूड़ी चिंता ने करो। हम तुमाये दूसरे लरका मौजूद हैं। हम तुम्हारो सब इन्तजाम राख हैं।" राजा ने डुकरिया की सेवा के लाने कुल्ल दासी राख दईं।

बीच में जो खेल हो गव ऊखों रानी और जसोंदी के सिवाय कोऊ नैं जानत हतो। जसोंदी सुख से राज करन लगो। रानी दिन पै दिन सूखन लगी। एक दिना जब जसोंदी रानी के लिंगा गव तब रानी बोली—"सुनो राजा साव, जो कछू होने हतो सो गव। अब मैं तुमाई हो चुकी। पै मैंने तीन साल को व्रत लव है। ऊखों पूरो हो जात देव, फिर तुम राजा और हम रानी।" जसोंदी ने सोची उकताये सें काम नसा जैहै। मैं राजा तो बनई गव हों। कोऊ कछू भेद नईं जाने। जो कऊं जोरजबरजस्ती करत हों तो रानी भेद खोल दे है और बनो बनाओ काम बिगर जैहै। ईसे गम खाये में ही भलाई है। तीन बरस पीछूं रानी सोई मिल जैहै। ऐंसी सोच जसोंदी ने

महल मे जाकर पुस्तक उठाई और तुरत लौट पडा। रास्ते मे उसने सोचा कि जिन्दा करने का मत्र कैसा होता है, मुझे भी सीख लेना चाहिए। पुस्तक खोलकर रास्ते मे मत्र याद करता आया। ठिकाने पर पहुचा तो पुस्तक राजा साहब के हाथ मे दे दी। राजा ने पुस्तक खोली। मत्र पढकर अपने शरीर से प्राण निकाले और सुआ के शरीर मे डाल दिये। सुआ फड़फडा कर उठा और डाल पर जा बैठा। राजा की निर्जीव देह पडी देखकर जसोदी के मन मे कपट उत्पन्न हुआ। उसने मत्र पढकर अपने प्राण निकालकर राजा के शरीर मे डाल दिये। राजा का शरीर उठ बैठा और जसोदी का शरीर मुरदा हो गया। रानी समझ गई कि धोखा हो गया। बेचारी "हाय" कहकर रह गई। उसे कुछ उपाय न सूझा। जसोदी जो अब राजा के शरीर मे था, बोला, "चलो रानी, सैर हो चुकी, अब महल मे चले।" रानी ने कोई उत्तर नही दिया। बेबस होकर चुपचाप उसके साथ महल लौट आई।

अब क्या था! राजा तो सुआ बन गया और जसोदी राजा। लोगो ने पूछा, "मत्रीजी कहा रह गए?" तो कह दिया कि भगवान की लीला। उनका तो स्वर्गवास हो गया। लडके का मरना सुन कर जसोदन बुढिया बहुत रोई। राजा ने उसे अच्छी तरह समझाया। कहा, "माताजी, चिन्ता मत करो। तुम्हारा दूसरा लडका मै बना हू। मै तुम्हारी सब खबरदारी रखूंगा।" ऐसा कहकर उसने बुढिया की सेवा के लिए अनेक दासिया रख दी।

बीच मे जो खेल हो गया, उसे रानी और जसोदी के सिवा कोई न जानता था। जसोदी सुख से राज करने लगा। रानी दिन-पर-दिन सूखने लगी। एक दिन जसोदी जब रानी के पास गया तो रानी बोली, "सुनो महाराज, जो कुछ होना था सो हो गया। अब मै तुम्हारी हो चुकी। पर मैने तीन साल के लिए व्रत लिया है, उसे पूरा हो जाने दो। फिर तुम राजा और मै रानी।" जसोदी ने सोचा कि जल्दबाजी से काम बिगड जायगा। मै राजा तो बन ही गया हू। कोई कुछ भेद जानता नही। यदि जोर-जबरदस्ती की गई तो रानी भेद खोल देगी। बना-बनाया काम बिगड जायगा। इससे गम खाने ही मे भलाई है। तीन वर्ष के बाद रानी मिल ही जायगी। ऐसा सोच उसने रानी की बात

रानी की बात मान लई।

जल-कन्या ने सोची अपने पति को खोज करो चाइये। ऊने गाव-गाव में डोंडी पिटवा दई कै जो कोऊ जितने जियत सुआ पकर के ल्याहे, वाए उतनेई रुपैया दै हो। वहेलिया सुआ पकर-पकर के ल्याउन लगे। जलकन्या सबखों रुपैया दे कैं सुओ खो परख परख के छुडा देत हती। जो सुआ कछू हुसयार सो दिखात हतो वाएं पिंजरा में पाल लेत ती। ई तरां रोज हजारन सुआ आउन लगे।

इतै को हाल सुन लव, अब सुआ को किस्सा सुनो।

सुआ के शरीरमें घुसके राजा पेडे की एक डगार पै जा बैठो हतो। जसोदी ने ऊके संगे जो छल-कपट करो ऊने अपनी आखों देखो हतो। अब राजासुआ मनई मन पछतान लगो। मैं भौत चूका खा गव। अब तो बात बिगरई गई है। देखो भगवान आगें का करत है, ऐसी सोच वो उड़ चलो। उड़त-उड़त कछू दूर जाके का देखत है कै एक रूख पै हजारन सुआ बैठे हैं। वो उन में जा मिलो। सब सुओं ने ईकी चतुरई देखके अपने झुंड को राजा बना लव। सलाय होन लगी, आज चरवे खों कहां चलो चाइये? कोऊ ने ठिकानो बताव। ऊ गांव के लिंगा एक भौत बड़ो आम को पेड़ो है वो लद-बदौअन फरो है। आज ओई की अमिया खाव चाइये। बात सब ने मंजूर कर लई। राजासुआ बोलो—"ठीक, उतई चलो। पै एक सुआ आगे-आगे उडे। पाछू सब उड़ें। सबके पाछूं मैं रह हो। जो सुआ आगे चले वो जब रूख पै बैठन लगे तो अच्छी तरां देख लये, कौनऊं खतरा तो नैयां। और जो कऊं कछू खतरा दिखाय तो सबखो हुसयार कर देवे।"

सुओं को झुंड उड़ चलो। अगुआ सुआ उडत-उड़त जाकें ओई आम के ऊपर बैठ गव। राजासुआ के कहवे को कछू ख्याल नै राखो। बैठतऊं ओखों अंदाज परो—मै तो जाल में फंस गव! ऊने सोची जो हम कछू कैंत हैं तो सब भग जैं हैं और मैं अकेलो फंसो रह जैहों। ईसे जैसी मोरी गत भई ऊंसई सबकी होन दे। वो चिमानो बैठो रव। पाछूं से सब झुंड आके पेड़ पै बैठ गव। राजासुआ सबकी देख-रेख करत पाछूं आ रव हतो। वो सोई

मान ली।

जल-कन्या ने अपने पति को खोजने की बात सोची। उसने गाव-गाव में मुनादी करवा दी—जो कोई जितने जीते सुआ पकडकर मेरे पास ले आयगा उसे उतने ही रुपए दिए जायगे। बहेलिया लोग सुआ पकड-पकडकर लाने लगे। जलकन्या सबको रुपए देकर और सुओ को देख-परख कर छुडवा देती। जो सुआ होशियार दीखता, उसे पिंजरे में रख लेती। इस प्रकार नित्य हजारो सुआ आने लगे।

इधर तो यह हो रहा था, उधर सुए का हाल सुनिये। सुआ के शरीर मे घुसकर राजा पेड की डाल पर जा बैठा था। जसोदी ने उसके साथ जो छल किया वह भी उसने देख लिया था। अब राजासुआ मन-ही-मन पछताने लगा—मैं बहुत चूक गया। बात बिगड गई। देखो, अब भगवान आगे क्या करता है। ऐसा सोच वह उडा और उडते-उडते कुछ दूर जाकर उसने देखा कि एक पेड पर हजारो सुए बैठे है। वह उनमे जा मिला। इसकी चतुराई देखकर सब सुओ ने उसे अपना राजा मान लिया। सलाह होने लगी कि चुगने के लिए आज कहा चलना चाहिए? किसी ने ठिकाना बताया—उस गाव के पास एक बहुत बडा आम का पेड है, वह खूब फला है। आज उसीकी अमिया खानी चाहिए। बात सबने मजूर कर ली।

राजासुआ बोला—"ठीक है, वही चलो। परन्तु एक सुआ आगे-आगे चले। जब उस पेड पर बैठने लगे तो उसे अच्छी तरह देख ले। कही कोई खतरा तो नही है। फिर बैठे। यदि कोई खतरा दिखाई दे तो वह सब सुओ को सावधान कर दे।"

सुओ का झुण्ड उड चला। अगुआ सुआ उड़ते-उडते उसी आम के वृक्ष पर जाकर बैठ गया। राजासुआ के कहने का कुछ ख्याल न किया। बैठते ही उसे अन्दाज पड गया कि वह जाल में फँस गया है। उसने सोचा कि अब अगर दूसरे सुओ को सावधान करता हूँ तो वे सब भाग जायगे और मै अकेला फँसा रह जाऊँगा। जैसी मेरी गति हुई, वैसी सबकी क्यो न हो? वह चुपचाप बैठा रहा। पीछे से सारा झुण्ड आकर पेड पर बैठ गया। राजासुआ भी पीछे

आकें पेड़े की टुनग पै जाकें बैठ गव। थोरी देर में सबखों पतो चल गव। हम सब फंस गए हैं। राजासुआ बोलो—"कौन सुआ आगे आव हतो ? ऊने सब खा सचेत काय ने करो ? देखो हम सब जाल में फंस गए। सबकी जान जोखम में है। पै जो तुम सब हमाई कही मानो तो सबके प्रान बच सकते हैं। एक काम करो, तुम सबके सब अपनी अपनी धींचे नैंचेखों लटका के ऐसे रैं जाव मानो मर गए होव। बहेलिया आहे तो मरे जान के हम सबखों जाल में से निकार के धरती पैं डार दैहे। अपन एक हजार एक हैं। जो सुआ पैंलऊ धरतीपैं फेंको जाय वो मन में गिनती करत रहे।" जब गिन्ती पूरी हो जाय तो पैंलो सुआ उड़ जावे। ऊखों देखके सब उड़ जावें। सब सुओं ने बात मान लई। सब घींच लटकाकें रैं गए।

बहेलिया आव तो दूर सें का देखत है कैं आज सुओं से पेडो भरो है। वो आनंद सें फूल गव। सोचन लगो आज तो हजारक रुपैयन को सेजो दिखात है। पै जब लिंगा आव तो सबरी खुसी विला गई। सब सुआ मर गए। सब की धींचे लटक परी हैं। पेड़े पै चढ के देखन लगो और उनखों मरे जान एक-एक खों निकार के धरती पै फेंकवो शुरू कँर दव। पैंलो सुआ गिनती करत गव। सब सुआ मुरदा की नाईं डरैं रहे। एक हजार सुआ निकार के फेंक चुको। ऊने देखो एक सुआ ऊपर टुनग पै बैठो है। ऊपर चढ़न लगो तो ऊके हात को बका सटक के धरती पै गिर गव। पैंले सुआ ने सोचो एक हजार एक धमाके पूरे हो गए। वो फर्र सें उड़ गव। ऊखों उड़त देख सबई उड़ गये। बहेलिया ने जो तमाशो देखो तो ठगो सो रैं गव। सोचन लगो—सुआ बहुत बदमाश निकरे। देखो, मोय, कैसो मूरख बना दव। पै अबै एक सुआ बचो है। सारे खों भूंजकें खैहों। ऊपर चढ़कें राजासुआ खों पकर लव। नैंचें उतरो। कहन लगो—"जो सुआ सबको सरदार जान परत है। एई ने आज हजार रुपैयन पै पानी डारो है। ईखों आगी में भूंज हो।" राजासुआ बोलो—"तुम कायखों ऊनो मन करत हो, जल-कन्या के पास हमें लैं चलो, हम तुम्हें दूने रुपैया दुवा दैहें।" बहेलिया आशा को बांधो जलकन्या के पास पौंचो। ऊने पूंछी—"ई सुआ की का कीमत है ? बहेलिया बोलो—"सुआ

अपनी कीमत आप बता देहे।"

रानी बोली—"कहो तोताराम, तुम्हारी का कीमत है ?"

तोता बोलो—"रानी साब, हमारे मोल को कछू कूत नैयां। हजारों लाखों भी थोरे हैं। पै ई बहेलियाखों आप दो हजार रुपैया दे देव।"

सुआ की चतुराई देखके रानी ने सोची होय न होय जोई हमारो पति हुइये। ऊने झट दो हजार रुपैया बहेलिया खों गिन दये और सुआखों सोने के पिंजरा में धर के सब सुओं के बीच में टांग दव। रानी ईखों प्रानो की जागा राखन लगी।

अब जा किस्सा इतई छोड़ के एक राउत की किस्सा सुनाउत हो। कौनऊं गांव में एक राउत हते। उनके लरका को व्याव हतो। बरात जा रई ती। दूला म्याने में बैठो हतो। बरात चली जा रई हती। चलत-चलत गैल में एक नदिया मिली। दूला खों निस्तार खों जाने हतो। ऊने म्यानो रुकवा लव और लोटा लैकें मैदान खों चलो गव। ऊ नदिया की ढ़ी पै एक पीपर हतो। ऊमें एक प्रेत रात हतो। प्रेत ने दूला खों मैदान में जात देखो तो वो दूला को रूप बनाके म्याने में आन बैठो। कहारों से बोलो—"म्यानो लै चलो।"

कहार म्यानो उठाके चलन लगे। इतने में दूला हात मौ धोके आव तो चिल्यानो—अरे म्यानो कहां लंय जात हो। हमें तो बैठ जान देव।"

वो दौर कें म्याने के पास पोचों। देखत का है हमारेई रूप-रंग को एक दूसरो दूला म्याने में बैठो है। ऊने हल्ला मचाओ। दूला को बाप और बराती सबै जुट आये। एक रूप-रंग के दो दूला देखकें सब हैरत में पर गए। कोऊ कछू निश्चो नै कर सको कौन असली दूला आय। आखर हार के सब जने उन खों राजा के लिंगा ले गए। सब हाल सुनाव। दोई दूल्हों को एक सूरत के देखके राजा सोई कछू निर्णय नै कर सको। वे निराश होके लौटने लगे।

गंगाराम रानी सें कहन लगो—"सुनो रानी साब, राजा खों प्रजा के झगड़े सुरझाव चाइये। जो राजा झगड़ा नईं सुरझा सके वो काय को राजा ?

इसको भूनकर न खाऊँ तो मेरा नाम नही ।" राजासुआ बोला—"तुम अपना मन क्यो गिराते हो ? मुझे जलकन्या के पास ले चलो, मै तुम्हे दूना रुपया दिला दूगा ।" बहेलिया की आशा वँधी, वह उसे जलकन्या के पास ले गया। अच्छा सुआ देखकर जलकन्या ने उसकी कीमत पूछी। बहेलिया बोला, "रानीजी, सुआ अपनी कीमत आप वतला देगा ।" रानी ने तोते से पूछा, "कहो तोताराम, तुम्हारी क्या कीमत है ?" तोता बोला, "रानी साहिबा, मेरी कीमत का कोई अन्दाज नही है। लाखो रुपए भी थोडे है। परन्तु आप इस बहेलिया को दो हज़ार रुपया दे दीजिए।" सुआ की चतुराई देखकर रानी ने बहेलिया को दो हजार रुपये दे दिये। सुआ को सोने के पिजरे में रखकर सब सुओ के बीच मे टाग दिया। रानी इसे प्राणो की तरह रखने लगी।

इधर यह हुआ, उधर एक रावत का किस्सा सुनिये। किसी गाव मे एक रावत था। उसके लडके का ब्याह था। बरात जा रही थी। दूल्हा म्याने मे बैठा था। बरात चली जा रही थी। चलते-चलते रास्ते मे एक नदी मिली। दूल्हा को निबटने के लिए जाना था। उसने म्यानाँ रुकवा लिया और लोटा लेकर मैदान को चला गया। उस नदी के किनारे एक पीपल का पेड था। उस पेड पर एक प्रेत रहता था। उसने दूल्हा को मैदान मे जाते देखा तो वह दूल्हा का रूप बनाकर म्याने मे जा बैठा। कहारो से कहा,—"म्याना ले चलो।" कहार चलने लगे। इतने मे दूल्हा हाथ-मुँह धोकर आया तो देखता क्या है कि म्याना जा रहा है। उसने कहारो को पुकारा, "मुझे छोडकर म्याना कहाँ लिये जा रहे हो ?" म्याना रुक गया। दूल्हा दौडकर उसके पास पहुँचा तो देखता क्या है कि ठीक उसी के रग-रूप का एक दूसरा दूल्हा म्याने मे बैठा है। उसने हल्ला मचाया। बराती और दूल्हा का बाप, सब जुड आये। एक ही तरह के दो दूल्हे देखकर सब हैरत मे पड गए। असली दूल्हा कौन है, कुछ निश्चय न कर सके। आखिर सब लोग उनको लेकर राजा के पास पहुँचे। एक सूरत के दोनो दूल्हे देख राजा भी कुछ निश्चय न कर सका। दोनो अपने को रावत का लडका बतलाते थे। वे निराश होकर लौटने लगे। यह देखकर तोताराम रानी से बोला, "सुनो रानी साहिबा, राजा को रैयत के झगडे

ई वदनामी से तो मरबो कबूल । तुमाई रजा होय तो मैं ई झगड़ा खों सुरझा दऊं ?"

रानी बोली—"नेकी उर पूंछ-पूंछ । ईसे बड़कें बात का है ? तुम झगड़ा सुरझा दै हो तो राज की पत तो रै जैहे ।"

फरयादी फिर बुलाये गए । राजासुआ को पिंजरा बाहर कचैरी में टांगो गव । सुआ ने दोई दूलो खो बुलाके पैलऊं अच्छी तरां देखो फिर कान लगो— "सुनो भैया हो, मैं इन्साफ करत हों । कान खोल के अच्छी तरां सुन लियो । तुम दोई में से जे कोऊ करवा की सात टोंटो मे से निकर जैहे बोई राउत को लरका आय । जो निकर सकत होय वो आगे आवे ।"

प्रेत खुशी होकें झट सुआ के पिंजरा के लिंगा पौंच गव । कहन लगो— "सात तो सात, मैं सत्ताईस टोंटों में से निकर सकत हो । हुक्म बगसो जाय ।"

राजासुआ बोलो—"ठीक है, मालूम परत है तुमईं राउत के लरका आव । एक काम करो । तुम कुमार के घरै जाकें एक सात टोंटी को करवा ले आओ ।"

प्रेत करवा लेनें चलो गव । इतै सुआ ने राउतखो बुलाके कही—"सुनो राउत, जो प्रेत आय जो करवा लेवे गव है । जब वो करवा लैके आवे और टोंटो में से निकरन लगे तब तुम हर टोंटी मे गोबर भरत जैयो । सातवीं टोंटी से जब वो करवा में घुसे तो फुरती से ऊमें सोई गोबर भर दियो । बच्चा-राम करवा में कैद हो जैहैं ।"

प्रेत करवा लैके आ गव । सुआ बोलो—"अब तुम एक-एक टोंटी मे से निकरो । प्रेत पैली टोटों में से घुसो और दूसरी में से निकर आव । राउत ने पैली टोटी गोबर लगा के बंद कर दई । ई तरां छै टोटिन में से घुस कें जब वो सातईं में घुसो तो राउत ने ऊमें सोई झट गोबर भर दव । सब टोटी बंद हो गई । कऊं से निकरबे खों गैल नै रई । प्रेत करवा में कैद हो गव ।

सुआ बोलो—"राउतजी, तुमारो लरका जो तुमाये सामने ठाड़ो है । ईखां ले जाव और अब खुशी सें ब्याव करो । जो करवा सोई लेत जाव ।

सुलझाना चाहिए। जो राजा झगडे न सुलझा सके, वह काहे का राजा है ? इस बदनामी से तो मर जाना अच्छा है। तुम्हारी आज्ञा हो तो मैं इस झगडे को सुलझा दूं।" रानी बोली, "नेकी और पूछ-पूछ। इससे अच्छी और क्या बात होगी। तुम झगडा सुलझा दो, राजा की इज्जत रह जायगी।"

फरियादी फिर बुलाये गए। राजा-सुआ का पिजरा कचहरी मे टागा गया। राजासुआ ने दोनो दूल्हो को बुलाकर पहले अच्छी तरह उन्हे देखा, फिर कहा, "सुनो भैया, मैं इन्साफ करता हूँ। तुम कान खोलकर अच्छी तरह सुनना। तुम दोनो मे से जो करवा की सात टोटो मे से निकल जायगा, वही रावत का लडका है। जो निकल सकता हो, वह आगे आ जावे।"

प्रेत प्रसन्न होकर झट पिजरा के पास पहुँच गया। कहने लगा, "सात तो सात, मै सत्ताइस टोटो मे से निकल सकता हूँ। आज्ञा दी जाय।"

सुआ बोला, "ठीक, मालूम होता है कि तुम्ही रावत के लडके हो। एक काम करो,तुम कुम्हार के घर जाकर सात टोटी का एक करवा ले आओ।" प्रेत करवा लेने चला गया। इधर सुआ ने रावत को बुलाकर कहा, "सुनो रावत, यह प्रेत है, जो करवा लेने गया है। जब वह करवा लेकर आवे और टोटो मे से निकलने लगे, तब तुम हर टोटी मे गोबर भरते जाना। सातवी टोटी से जब वह करवा मे घुसे तो तुम उसमे भी गोबर भर देना। बच्चेराम करवा मे कैद हो जायगे।"

प्रेत करवा लेकर आ गया। सुआ बोला, "अब तुम एक-एक टोटी मे से करवा मे घुसो।" प्रेत पहली टोटी मे से घुसा और दूसरी मे से निकल आया। रावत ने पहली टोटी गोबर लगाकर बन्द कर दी। इस प्रकार वह छह टोटियो मे से निकलकर जब सातवी मे घुसा तो रावत ने उसमे भी गोबर भर दिया। सब टोटी बन्द हो गई। कही से निकलने का रास्ता न रहा। प्रेत करवा मे कैद हो गया।

सुआ बोला, "रावतजी, तुम्हारा लडका तुम्हारे सामने खडा है। अब इसको ले जाओ और खुशी से विवाह करो। यह करवा भी लेते जाओ। इसे बाहर गॉव घूरे मे गहरा गाडते जाना।" रावत और बराती

ईमां प्रेत पिड़ो है। ईखा बाहर गाव गूडा में गाड़त जैयो ।" राउत और बराती राजासुआ की जै जैकार बोलत चले गए। सुआ की चतुरई देखके रानीखो पूरो भरोसो हो गव कै जेई हमारे पति आय। रानी मौका की तलाश में रहन लगी।

रानी ने कुल्ल सुआ पाल राखे हते। अपने भोजन करवे के पैलऊं वा आंगन में भौत सो भात धर के सब सुओ खों छोड देत ती। सुआ भात के सीत बीन-बीन के खात रैत ते। राजासुआ को पिंजरा अपनी थारी के लिंगा धर के पैलऊं उए दूध-भात खुवाउत हती पाछें अपन खात ती। नित्त ऐसई होत तो। एक दिना की बात है कै सब पखेरू आगन में चुन रये हते और रानी राजासुआ खो दूध-भात खुवा रई हती। इतने में कऊं से एक बिलैया आ गई। और आंगन में एक सुआ को गरो धर दबाओ। सुआ टेंटें कर के मर गव। राजा साब उतई बैठे पान मसाले खा रयते। सुआ खों मरो देख के रानी बोली—"राजा साब, मुरदा सामने डरो है। मैं कैसे भोजन करूं? सुआ को जिंदा कर देव।" राजा बोले—"रानी, जो तो मोरे बाय हात को खेल है। अबईं जिवांय देत हो।" ऐसी कहके ऊने राजा की देह से प्रान निकार के सुआ की देह में डार दये। सुआ जी उठो। मौका देखो तो राजासुआ ने अपने प्रान सुआ की देह से निकार के राजा की देह में डार दये। अब का हतो, राजा फिर राजा हो गए और जसोदी सुआ। राजा ने झट ऊ सुआ खो पकर कें पिंजरा में बन्द कर दव।

आज रानी की खुसी को ठिकानो नै हतो। खोओ पति उसे आज फिर मिल गव। खूब आनन्द-मंगल मनाओ गव। राजा ने आज जसोदी की बद-दयाती सब लोगों खो सुनाई। लोग कहन लगे—"ऐसे पाजी खों तो तुरतई मार डारों चाइये। जसोदी सुआ की घीच मरोर के फेंक दई गई। राजा और जल-कन्या दोई आनन्द से रैन लगे। जैसे बिछरे जो मिले ऊंसे सब मिलें। किसा भी सो पूरी हो गई। सांची बात है। स्याने कह गये हैं :—

करै बुराई सुख चहै कैसे पावे कोय।
बोवे बीज बबूर को आम कहा ते होय॥

तोताराम की जयजयकार बोलते हुए चले गए। राजासुआ की बुद्धि देखकर रानी को पूरा भरोसा हो गया कि यही मेरे पति है। रानी अवसर की ताक मे रहने लगी।

रानी ने बहुतेरे सुए पाल रखे थे। अपने भोजन के पहले वह आगन मे भात का ढेर लगाकर सब सुओ को पिजरो से छोड देती थी। सुए भात के दाने बीन-बीन खाते थे। राजासुआ का पिंजरा वह अपनी थाली के पास रखती थी। पहले उसे दूध-भात खिला देती थी, बाद मे आप खाती थी। यह उसका नित्य का नियम था।

एक दिन की बात कि सब पक्षी आगन मे किलोल करते हुए चुग रहे थे। इतने मे कहीसे एक बिल्ली आ गई और उसने एक सुआ को धर-पकडा। उसकी गर्दन दबा दी। सुआ 'टे-टे-टे' करके मर गया। राजा वही पास बैठे पान-मसाले खा रहे थे। सुआ को मरा हुआ देखकर रानी बोली, "महाराज, मुरदा सामने पडा है। मै भोजन कैसे करूँ? सुआ को जिन्दा कर दो।" राजा बोला, "रानी, यह तो मेरे बाए हाथ का खेल है। अभी जिलाये देता हूँ।" ऐसा कह उसने राजा की देह से अपने प्राण निकालकर सुआ की देह मे डाल दिये। सुआ जी उठा। मौका देखा तो राजासुआ ने भी अपने प्राण सुआ की देह से निकाल कर राजा की देह मे डाल दिये। अब क्या था, राजा फिर राजा हो गया और जसोदी सुआ बन गया। राजा ने झपटकर सुए को पकड लिया और उसे एक पिंजरे मे बन्द कर दिया।

रानी की खुशी का आज ठिकाना न था। खोया हुआ पति उसे फिर मिल गया। खूब आनन्द-मगल मनाया गया। राजा ने आज जसोदी की बेईमानी सब लोगो को कह सुनाई। सब कहने लगे कि ऐसे पापी को तो तुरन्त मार डालना चाहिए। सुए की गर्दन मरोड दी गई। जसोदी मर गया। जलकन्या और राजा दोनो आनन्द से रहने लगे। जैसे बिछुडे वे मिले, वैसे ही सब मिले। किस्सा पूरा हो गया। सच है, सयाने कह गए है :—

करै बुराई सुख चहै, कैसे पावै कोय।
बोवै बीज बँबूल को, आम कहाँ से होय॥

जाटु और सुनारु   : २ :

ब्रजभाषा

एक सुनार औरु जाट में यारई ई। एक पोत जाटु सुनार के न्या आयौ। सुनार नें बड़ी खातिरदारी करी। संजा कूं जब रोटी जेंबे कौ बखतु आयौ तौ सुनार ने एक सोने की थारी में खाइबे कूं परोस दयौ। जाट की नजरि में बु थारी चढ़ गई। वाने अपने मन में सोची, जि थारी तौ कैसेऊ ने कैसेऊ लैनी चहयें। जि बात वा सुनार नें ऊ समझि लई कै जा जाट की नजरि जा थारी पै जमि रई ऐ। सो जि जाइ राति कूं चुरावैगौ।

सुनार ने का चालाकी करी कै वा थारी में म्हौं तक पानी भर्यौ औरु बु एक छींके पै धरि दई। वा छींके के नीचे वाने अपनी खाट बिछाइ लई औरु वाई पै सोइ गयौ। वाने अपने मन में सोची कि जब जाइ उतारैगो तौ पानी जरूर फैलैगौ औरु मेरी आंखि खुलि जायगी।

राति कूं जाटु उठ्यौ, थारी धीरें सूं देखी, जाटु समझि गयौ कि जामे तौ पानी भरि रह्यौ ऐ। वानें का कामु कर्यौ कि चूल्हे के जौरें जाइकें चलनी में राख छार्नी औरु छनी भई राख वानें वा थारी में धीरें-धीरें डारिबो सुरू कर्यौ। जासूं भयो जि कि थारी के पानी कू राख सोखि गई। फिर वा जाट ने थारी उतारि लई। उतारिकें गाम बाहिर एकु गढ़ा ओ, वा में घोंटू-घोंटू घुसि के वा थारी ऐ गाड़ि आयो और फिरि वाई सुनार के न्या आइके सोइ गयौ।

सबेरें सुनारु सोबत सूं जग्यौ। वाइ थारी न दीखी, परि जाटु सोबतु पायौ। वाने सोची—जि जाटु थारी इं तौ कऊं धरि आयौ ऐ औरु फिर न्यां आइकें सोइ गयौ ऐ। करम की बात वा जाट कौ एकु पाऊ

जाट और सुनार : २ :

हिन्दी रूपान्तर

एक जाट और सुनार मे बडी गहरी मित्रता थी। एक वार जाट सुनार के यहा आया। सुनार ने अपने मित्र की बडी आवभगत की। शाम को जब रोटी खाने का समय आया तो सुनार ने एक सोने की थाली मे जाट के सामने खाने को परोसा। जाट की दृष्टि उस थाली पर पडी। उसने अपने मन मे सोचा कि यह थाली तो बहुत अच्छी है। किसी-न-किसी प्रकार इसे प्राप्त करना चाहिए। सुनार भी जाट के मन्तव्य को समझ गया कि रात को यह जाट इस थाली की चोरी करेगा।

सुनार ने भी बडी चतुराई से काम लिया। उस थाली मे उसने पानी भरा और एक छीके पर उसको रख दिया। इस छीके के नीचे ही उसने अपनी चारपाई बिछाई। उसी चारपाई पर वह रात को सोया। सुनार ने अपने मन मे सोचा कि यदि यह जाट इस थाली को उतारेगा तो पानी गिरने से मेरी नीद खुल जायगी।

रात को जाट उठा और धीरे से थाली को छूकर देखा तो मालूम हुआ कि इसमे पानी भरा है। जाट ने चूल्हे के पास जाकर राख छानी और इस थाली मे थोडी-थोडी डालता गया। अन्त मे उस राख ने पानी को सोख लिया। जाट ने थाली को इस प्रकार उतारा कि सुनार को पता भी न चला।

प्रात काल सुनार जागा तो देखा कि थाली नही है। जाट उस थाली को उतारकर रात को ही गाव से बाहर एक पानी के गढे मे गाड आया था। उसके पैर पर पानी का निशान बन गया था। होनहार की बात कि जाट का

सौरि में ते बाहिर निकरि रह्यौ ओ। सुनार ने वा पै पानी कौ गंडा बन्यौ देख्यौ। सोई बु समझि गयौ कि काऊ गड्ढा में थारी कूं जि गाड़ि आयौ ऐ। वाने डोरा त बु गंडा नापि लीयौ। और गाम बाहिर वाई गड्ढा में घौंटू-घौंटू घुसि के थारी कूं निकारि लायौ।

जाट ने सुनार ते कही क भैया अब तौ हम जांगे। सुनार ने कही—"यार, आजु तौ और रहि, कल्लि चल्यौ जइयौ।" जाट ने कही—"अच्छा भाई, तू कहतु ऐ तौ कल्लिई चले जागे।"

राति कूं सुनार ने वाई थारी में फिरि खाइबे कूं परोस्यौ। जाट ने कही—"यार तेरे ञ्या कितनी सौने की थारी ऐं। एक कूं तौ हम लै गए।" सुनार ने कही कि यार, जि बुई थारी ऐ। और वानें सबु अहवाल कहि दीयौ। जाट ने कई—यार हम तौ अपने मन में हुस्यार बन्त ई ऐ, परि तैंने हमारेऊ कान काटि लए। अब हम तुम दोऊ कऊँ बंजु-व्यापारु करिवे चलें। बड़ौ फाइदा होइगौ। दोऊ एक सूं एक जादा हुस्यार जौ ठैरे। जा वात पै सुनारुऊ तैयार है गयौ, और दोऊ कहूं, रुपया कमाइबे कूं निकरि परे।

आगे-आगे उन्हें एक ल्हास मिली। वा ल्हास के संग भौतु से आदिमी ए। सुनार ने जाटसूं कही कि जि तौ कोई बड़ौ भागिमानु आदिमी मर्‍यौ ऐ। जाट ने कही—जि बात तौ तेरी ठीक ऐ। ला ञ्याईं धंदो सुरु करिदें। सुनार ने कही—भैया, धंदौ है तौ सकतु ऐ। दोऊन ने मतौ कर्‍यौ और ल्हास ते पहलें ईं मरघटन पै पहुचि गए। मां चिता जरिबे के ठौर पै उननें झटपट एक गुफा खोदी और वा में सुनार कौ बैठारि दयौ।

सेठि की ल्हास मा फूंकि पजारि के लोग अपने घर कूं लौटे। सेठ को पतौ लगाइ-लगूह कें जाट वा सेठ के घर पौंहच्यौ और सेठि की पूछी। वा सेठि के छोरन्नें बाते कही—भाई, हमारे पिताजी तौ आजु ई मरि गए, अभी हम उनाकूं फूंकि पजारि के आइ रहे ऐं।

सोई बु जाटु रोबै सो रोबै। सेठि के छोरन ने कही— बात का

एक पैर सोते-सोते चादर से बाहर निकल गया । सुनार ने उसपर पानी का निशान बना हुआ देखा । वह समझ गया कि वह पानी के गढे मे थाली को गाड आया है । उसने सूत के एक धागे से वह पानी का निशान नाप लिया और उसी गहराई तक गढे मे घुसकर पानी में थाली को टटोला तो उसे थाली मिल गई ।

सवेरे जाट भी जगा । उसने सुनार से कहा कि भाई, अब मै जा रहा हूँ । सुनार ने कहा, "भाई, कम-से-कम आज तो और रहो । कल चले जाना । ऐसी जल्दी ही क्या है ?"

जाट ने कहा, "अच्छा कल ही चला जाऊँगा ।"

शाम को सुनार ने उसी थाली मे जाट को फिर खाना खिलाया । जाट वडे अचरज मे रह गया । जाट ने सुनार से पूछा, "भाई, एक वात तो वताओ कि तुम्हारे यहा कितनी सोने की थालिया है ? एक थाली तो रात को मै चुरा ले गया हूँ ।"

सुनार ने कहा, "यह वही थाली है । मै उस गढे मे से निकालकर ले आया हूँ, जिसमे रात को तुम गाड आए थे ।"

इसपर जाट ने कहा, "मै तो अपने मन मे काविल बनता ही हूँ, पर तुम मेरे भी गुरु निकले । इसलिए चलो, दोनो कही व्यापार करने चले । दोनो की कावलियत का कुछ-न-कुछ लाभ अवश्य उठाया जाना चाहिए ।" इस प्रकार सोचकर दोनो रुपए कमाने घर से निकल पडे ।

चलते-चलते वे किसी शहर मे जा पहुँचे । आगे चलकर उन्हे एक लाश आती हुई दिखाई दी । उसके साथ वहुत से आदमी आ रहे थे । जाट और सुनार ने अपने मन मे सोचा कि यह तो कोई वडा भारी सेठ मरा है । यही हमारा धधा हो सकता है ।

मरघट पर जाकर जहा उसकी लाश जली, वही उन दोनो ने एक सुरग वनाई । उस सुरग मे सुनार को विठा दिया । जाट इन लोगो के पीछे-पीछे

ऐ। तब वा जाट ने कही—तुमारे वाप पै मेरे दस हजार रुप्या जमा ए। अब मैं अपनी अमानत कू कैसे पाऊं? सेठि के छोरान्नें कही—बहीखाते ऐ देखत एँ। जो जमा हुंगे तौ हम तेरौ पइसा-पइसा देनदार एँ। उनने बही देखी, परि कहूं जमा न निकरे। जाट ने कही कै जमा न करे हुंगे, परि रुप्या तौ मेर जमा हतए। औरु जो तुम साचु न मानौ तौ मरघटन पै चलौ। जो मेरो रुप्या सच्चौ ए तौ तुमारौ बापु अवाज देगौ।

सेठि के छोरा औरु बु जाटु मरघटान पै आए। मां आइके जाट ने पूछी—कौन से ठौर पै जरायौओ। छोरान्नें बताई दई।

जाट ने बड़ी जोर से अवाज लगाई—भाई सेठि, बे दस हजार रुप्या जो मैंने तोपै जमा करे काए वे वही में नाइ मिले। सो, जो मैंने रुप्या जमा करे होंइ तौ तू अपने बेटन ते कहि दै और जो मेरे रुपया न होंइ तौ नाहीं करि दै। मांते अवाज आई—बेटाओ, जाके रुप्या मो पै जमाए, मैंने बु वही में नाए चढाए। जाको कौड़ी-ऊ-कौड़ी दै दीजों, नईं तौ मेरी आंसी ऊजरी न होइगी और मैं नरक में चल्यो जागो।

अब वाके छोरन्नें जाट ते कही—चलि भाई घर कूं औरु अपने दसऊ हजार सम्हारि लैउ। जाट कूं वे अपने घर लै गए और सबु रुप्या वाइ सम्हारि दीए।

इतमें जाट नें जि सोची कि मरदूं सुनार ऐ और सबु रुप्यान्नें लैके अपने घर कूं चलूं। उतमें सुनार ने ऊ अपने मन में सोची कि अब जि जाटु रुप्यान्नें लैके इतमें पांउ ऊ न मारैगो, सो चलौ, कैसे ऊ रुप्यान्नें वा पै सूं लेलऊं।

सुनार ने दस-बारह रुपया की एक जूता जोडी मोल लई औरु वाई रस्ता के किनारे पौंच्यौ जो वा जाट के गाम कू जातुओ। वा रास्ता पै जाइकें वानें एकु जूता डारि दीयो। वांते कोई सौ दो सौ गज आगें दूसरौ ऊ जूता डारि दीयो औरु खुदि एक खेत में छिपि के बैठि गयौ। अब बु जाटु वा रुप्यान की गठरिया ऐ कंधा पै धरिकें आयौ। वातें एकु जूता पर्यौ

चलकर सेठ के घर आ गया। वहा आकर उसने पूछा कि सेठजी कहा है ?

सेठ के लडको ने कहा, "वे तो आज ही मर गए है। अभी उनको जलाकर आ रहे है।"

अब तो जाट बडे जोरो से रोने लगा। सेठ के लडको ने उसके रोने का कारण पूछा। जाट ने कहा, "सेठ पर मेरे दस हजार रुपए जमा थे। अब मुझे कैसे मिलेगे ?"

सेठ के लडको ने कहा, "यदि वहीखाते मे रुपए जमा होगे तो तुम्हारे रुपए हम अवश्य देगे।"

वहीखाता देखा गया, पर कही जाट के रुपयो की बात नही मिली। तब जाट ने कहा, "हो सकता है कि सेठ ने मेरे रुपए वही मे न लिखे हो, पर मेरे तो रुपए जमा थे। अब तुम सब लोग मरघट मे चलो। यदि मेरे रुपये सच्चे है तो सेठ स्वय ही बोल देगा।"

मरघट पर जाकर जाट ने जोर से आवाज दी—"अरे भाई सेठजी, मैंने जो दस हजार रुपये तुम्हारे पास जमा किये थे, वे वहीखाते मे नही मिले है। यदि मेरे रुपये तुमपर हो तो 'हा' कर दो, नही तो 'ना' कर दो।

वहा से सुनार ने आवाज लगाई—"इसके रुपये मेरे पास जमा थे। इसका एक-एक पैसा चुका देना, नही तो मुझे नरक मे जाना पडेगा।" घर आकर सेठ के लडको ने जाट को दस हजार रुपया दे दिया।

जाट ने सोचा कि सुनार को मरने दो। सब रुपये अपने ही घर ले चलू। इधर सुनार ने भी सोचा—वह रुपया लेकर मेरे पास नही आयगा। अब तो कोई और ही उपाय सोचना चाहिए।

सुनार ने एक दस-बारह रुपये का बहुत ही अच्छा कीमती जूता खरीदा। जूतो को लेकर वह उसी रास्ते पर गया जो जाट के गाव को जाता था। सुनार ने रास्ते मे एक स्थान पर उस जोडी मे से केवल एक जूता गिरा दिया। दूसरा जूता आगे चलकर कोई सौ-दो सौ गज की दूरी पर गिरा दिया और स्वय छिपकर एक जगह बैठ गया।

देख्यौ। जाट ने मन में कही—भाई जूता, जूताई ऐ। परि विना जोड़ी के तौ वेकार ई ऐ। मैंने तौ अपने जनम में कबहू ऐसौ जूता नाइ देख्यौ। परि अकेलो जूता ऐ लैके का करूंगो। झट्ट वु आगें बढि गयौ। आगें जाइके दूसरौ ऊ जूता पर्‌यौ पायौ। वानें अपने मन में कही—जि तौ वाई जोड़ी कौ जूता ऐ। ला वाऊ कूं लै आऊं। परि जा रुप्यन की गठरिया ऐं ज्याईं छोड़ि चलूं। को वां तक जाइ लादै। माल लैके आव तूं, थोरी सी दूरि तौ हतुई ऐ। सो जाटु वा रुपैयन की गठरिया ऐ वइँ छोड़िके वा जूता ऐ लैवे चल्यौ।

इतमें झट्ट वु सुनारु वा झूआ के पीछें ते निकर्‌यौ और बु गठरिया उठाइ के कंधा पै धरी। लै वा गठरिया कू, सुनार दाब पाइकें दूसरे रस्ता सूं अपने घर आयौ और अपनी सुनरिया सूं कही क ला एक गोरि, जिन रुपैयन्नै वाई गोरि में गाड़ि दुंगो। वाने सब रुपैया वा गोरि में धरिके पढ़ैंनी के नीचे गाड़ि दए औरु वाने अपनी सुनरिया तें कही क मैं तौ अधौआ कुआ में जाइके रहुंगो, बु जाट आबैगौ सो तू वाइ काऊ तरह ते पतौ मति लगन दैयो। उल्टी वाई ते पूछियौ कि मेरे सुनार ऐ कहा छोड़ि आए। सुनरिया ने कही—अच्छा।

इतने जब जाटु वा पहले जूता कू लैकें लौट्यौ तो वां गठरिया ई न! वु समझि गयौ कि रुपैयन की गठिरिया कूं सुनारा कौ लै गयौ। औरु कौन में इतनी हुस्यारी होइगी।

जाटु सूधौई सुनार के घर गयौ। सुनरिया ने जाट कूं देखत खन वा जाट ते कही—मेरे सुनार कूं कहां छोड़ि आए? बु तौ तुमारे ई संग गयौ ओ। जाट ने कही—अबई नाइ आयौ का? सुनरिया ने कही—नांइ तौ।

जाटु समझि तौ गयौ कि सुनारु आइ गयौ ऐ, रुप्यान्नें लैके जाइगौ कहा? परि कहूं दुबकि रह्यौ ऐ। परि कब तक दुबक्यौ रहैगौ। मैं ऊ ज्याते नाऊं टरतु।

रोजु सुनरिया पहलें जाट ऐ रोटी खवाइये, फिर पानी भरिवे जाइ औरु सुनार ऐ रोटी दै आवै। जा तरह तें कैऊ दिना वीत गए। जाट ने

जाट रुपयो की गठरी को लेकर आया। उसने पहला पडा हुआ जूता देखा। जूता उसको बहुत पसद आया। पर एक जूते का वह क्या करता ? छोडकर आगे चला गया। आगे जाकर उसे दूसरा जूता भी पड़ा मिला।

जाट ने सोचा, यह जूता भी उसी जूते के साथ का है। उसे भी ले आना चाहिए। यह सोच उसने रुपयो की गठरी तो वही रख दी और उस पहले जूते को लेने चला।

इधर वह जूता लेने गया और उधर रुपयो की गठरी को उठाकर सुनार अपने घर आ गया। सुनार ने अपनी स्त्री को सारी बात कह सुनाई और उसे समझा दिया कि यदि वह जाट आये तो उसे मेरे बारे मे कुछ न बतलाना। मै एक अँधेरे कुए मे जाकर छिप जाता हूँ। तुम वही रोटी पहुँचाती रहना।

यह कहकर उसने वे रुपये एक गोल मे रखकर पन्हेडी के नीचे गाड दिए और वह एक बिना पानी के कुएँ मे जाकर छिप गया।

वह जाट इधर उस पहले जूते को लेकर लौटा तो वहा रुपयो की गठरी नही थी। उसे यह समझते देर न लगी कि यह सब सुनार की करतूत है। जाट सीधा सुनार के घर पहुँचा। सुनार की स्त्री ने उससे कहा, "मेरे पति को कहा छोड आए हो, वे तो तुम्हारे साथ ही गए थे।"

जाट ने उत्तर दिया, "क्या वह अभी घर नही आया ? वह तो मुझसे पहले ही चल दिया था।"

सुनार की स्त्री ने उत्तर दिया, "अभी कहा आये है !"

जाट समझ तो गया कि सुनार की स्त्री झूठ बोल रही है। वह अवश्य आ गया है, किन्तु उसके पास अब कोई चारा नही था। पर उसने यह निश्चय कर लिया कि जबतक कोई पता नही लगेगा, वह जायगा नही।

सुनार की स्त्री रोज खाना बनाती, पहले जाट को खिला देती, फिर पानी भरने जाती। सुनार के लिए खाना ले जाती। उस अधेरे कुएँ मे खाना डाल-

सोची—सुनरिया घर ऐ छोड़िके कहूं जाति नांएं, बस्सि पानी भरवेई जाति ऐ। स्याइति जबई सुनरा ऐ रोटी-फोटी दै आवति होइ।

एक दिना जाटु चुप्पु-ई-चापु सुनरिया के पीछें-पीछें चलि दयौ। सुनरिया ने कुआ पै तौ बासन धरे। रोटीन की पोटली निकारी और वाई अधौआ कुआ पै जाइके अवाज लगाई—लेऊ रोटी। सुनार ने कही—फेंकि दै।

जाट ने जि सबरौ करतबु देख्यौ और चुप्प-ई-चापु लौटि आयौ। दूसरे दिना फाऊ और पै रोटी करवाइके एक पोटरी में बांधी और सुनरिया तें पहलें ई जनाने कपड़ा पहरि ओढि के वाई अधौआ के जौरें पोंहच्यौ और अवाज लगाई—लेऊ रोटी। सुनार ने कही—आजु बड़ी जल्दी लै आई। सुनरिया नें कही—हा आजु जल्दी ई कामु-धंदौ सिमटि गयौ, रोटी जाइते जल्दी हुं गई। परि बु जाटु तौ अबई टरतु नाएं। रुप्या-पैसा की बड़ी तंगी हु रई ऐ। का करूं? सुनार ने कही कि बु गोरि जो पढैनी के नीचे गाड़ि दई ऐ, वाई में से खर्चु-पानी कूं रुपया निकारि लयौ करि।

इतनी सुनि के झट्ट जाटु समझि गयौ कि रुप्या पढ़ैनी के नीचें ई गडि रहे एं। घर आइ के चुप्पु-चापु जाटु बैठि गयौ। सुनरिया ने रोटी करी। जाट ने रोटी-फोटी तौ खाई न, बु गोरि उखारी और वाकूं लैकें चलतौ भयौ।

इतने में सुनरिया ने अधौआ के जौरें जाइके अवाज दई—लेऊ रोटी। सुनार ने कही—अभाल तौ दै गई ऐ, फिरि लै आई। सुनरिया ने कही—मैं तौ नांइ आई। सोई सुनार ने कही—अरी निकारि मोइ। जाटु ई तेरे से कपड़ा पहरिकें आयौ ओ। बु सबु रुपैयन्नें लै गयौ। घर आइकें देखें तौ पढ़ैनी के नीचे एकऊ रुप्या नाओ।

दोऊ एक ते एक जादा हुस्यार निकरे, परि जाटु अखीर में रुपैयन्नें लैई गयौ।

कर दूसरे कुएँ से पानी भरकर आ जाती। यह उसका नित्य का काम था। इस प्रकार कई दिन बीत गए।

एक दिन जाट चुपचाप उस सुनार की स्त्री के पीछे-पीछे चला गया और उसने देखा कि कुएँ के पास जाकर उसने आवाज दी—"लो रोटी।" जाट सारी बात समझ गया।

दूसरे दिन जाट उस सुनार की स्त्री-जैसे कपडे पहनकर, रोटियो की पोटली बाधकर उस कुएँ पर पहुँच गया और उसी प्रकार आवाज बनाकर कहा, "लो रोटी।" फिर उसने कहा, "वह जाट तो टलता नही है, मेरे पास कुछ रुपया-पैसा रहा नही है। क्या करूँ?" सुनार ने भीतर से ही कहा, "पन्हेडी के नीचे जो रुपयो की गोल गडी है, उसीमे से निकाल लिया करो।"

इस प्रकार जाट ने रुपयो का पता लगा लिया। सुनार की स्त्री नित्य की भाति रोटी लेकर गई। आवाज लगाई, "लो रोटी।" सुनार ने कुएँ मे से कहा, "अभी तो दे गई थी, फिर ले आई?" सुनार की स्त्री बोली, "मै कब आई हूँ?" सुनार ने तुरन्त जान लिया कि जाट चालाकी से रुपया ले गया। वह बोला, "अरी, मुझे शीघ्र कुएँ मे से निकाल। जाट ही तेरे सरीखे कपडे पहनकर आया था। वह सब रुपया ले गया होगा।"

घर आकर देखा तो पन्हेडी के नीचे एक भी रुपया न मिला। सुनार की स्त्री जबतक रोटी लेकर अँधेरे कुएँ को गई, तबतक वह सब रुपये निकाल-कर चम्पत हो गया।

वैसे तो सुनार और जाट एक-से-एक बढकर चालाक थे, पर जाट रुपयो को अन्त मे निकाल ही ले गया।

छत्तीसगढ़ी

दुझन मीत रहिन । एक बाम्हन रहसि दूसर भाट । एक दिन भाट हर अपन मीत ला कहिस, "चल मीत हम मन राजा के दरबार में जा बोन । गोपाल राजा खुस हो ही तो हमार मन के भाग खुल जाही ।" बाम्हन हाँसिस अउ ओकर बात ला टारे बर कहिस, "देही तो कपाल, का कर ही गोपाल । भाग में हो ही तो मिल ही । "भाट कहिस,"नाहीं । देही तो गोपाल, का कर ही कपाल । गोपाल राजा बड़ दानी हे । ओहर हम मन ला सिर सोन अउ बड़ धन दे ही ।" दुनो झन ए बात के झगरा करिन, अउ गोपाल राजा के दरबार में जाके अपन-अपन बात ला कहिन । भाट के बात ला सुन के राजा खुस हो गईस । बाम्हन के बात ला सुन के ओहर रिसाईस । ओहर दुनो झन ला दुसर दिन दरबार में हाजिर होय के हुकुम देईस ।

दुनो मीत दुसर दिन दरबार में जाय पहुँचिन । राजा के हुकुम पाके ओकर सिपाही मन बाम्हन ला एक मूँठ चाउर, एक मूठ दार अऊ एक मूठ नून दीन । भाट ला एक सेर चाउर, एक सेर घी और एक मखना दीन । राजा के हुकुम पाके सिपाही मन मखना में एक सेर सोन भर दिये रहिन । दे के राजा कहिस, "अब जाके तुम मन चनाव खाव । खा पी के उठो ज्वार दरबार में हाजिर हो जाहो ।"

दरबार ले चलके ओमन नदी पार गईन—ऊँहा जहाँ रतिहा सूते रहिन मनेच मन भाट गुनत रहिस, "को जानि कावर राजा हर बाम्हन ला तो या देईस हे अऊ मोला मखना दे देईस हे । छोलो, काटो अऊ राँधो एकर साग । कौन करही अनेक झंझट ? अऊ एकर खाए ले मोर कनिहा के पीरा जग जाही तो ।" ऐसन विचार करके भाट हर बाम्हन ला का कहिस, "मीत मखना

हिन्दी रूपान्तर

दो मित्र थे। एक ब्राह्मण था, दूसरा भाट। भाट ने एक दिन अपने मित्र से कहा, "चलो, राजा के दरबार मे चले। यदि गोपाल राजा खुश हो गया तो हमारे भाग्य खुल जायगे।"

ब्राह्मण ने हँसकर उसकी बात टालते हुए कहा, "देगा तो कपाल, क्या करेगा गोपाल ? भाग्य मे होगा वही मिलेगा।"

भाट ने कहा, "नही, देगा तो गोपाल, क्या करेगा कपाल ! गोपाल राजा वड़ा दानी है, वह हमे अवश्य वहुत धन देगा।"

दोनो मे इस प्रकार विवाद होता रहा और अन्त मे गोपाल राजा के दरबार मे जाकर दोनो ने अपनी-अपनी वात कही। भाट की बात सुनकर राजा प्रसन्न हुआ। ब्राह्मण की बात सुनकर उसे क्रोध आया। उसने दोनो को दूसरे दिन दरबार मे आने की आज्ञा दी।

दोनो मित्र दूसरे दिन दरवार मे पहुँचे। राजा की आज्ञा से उसके सिपाहियो ने ब्राह्मण को एक मुट्ठी चावल, एक मुट्ठी दाल और कुछ नमक दे दिया। भाट को एक सेर चावल, एक सेर घी और एक कद्दू दिया। राजा के आदेश से कद्दू मे सोना भर दिया गया। राजा ने कहा, "अब जाकर वना-खा लो। शाम को फिर दरवार मे हाजिर होना।"

दरवार से चलकर वे नदी किनारे के उस स्थान पर पहुँचे, जहाँ उन्होने रात बिताई थी। भाट मन-ही-मन सोच रहा था—"न जाने क्यो, राजा ने ब्राह्मण को तो दाल दी, ओर मुझे यह कद्दू दे दिया। इसे छीलो, काटो और फिर वनाओ इसकी तरकारी। कौन करे इतना झझट ? ऊपर से यह भी डर है कि कही इसके खाने से फिर से कमर का पुराना दर्द न उभर आवे।"

खाहूँ तो मोर कनिहा में पीरा हो ही। ऐला लेके तें मोला अपन दार दे दे। बाम्हन ओकर बात मान गईन। अपन-अपन सामान ला ले के ओमन रसोई में जुट गईन। भाट हर अपन दार-चाँउर ला खाके आमा रूख के छैया में सूत गईस। बाम्हन हर जब मखना ला काटिस तब ओला भीतर राजा के भरवाए सोन दिखिस। ओहर मनेच मन गुनिस—मोर भाग में रहिस तो मोर पास आ गईस। गोपाल राजा हर तो एला भाट ला देत रहिस। सोनला एक अँगोछी में बांध के बाम्हन आधा मखना के साग रांधिस अऊ आधा ला अपन पास राखिस। खा-पीके ओहर घड़ुक सूत गईस।

संझाकुन दुनो झन गोपाल राजा के दरबार मां पहुँचिन। बाम्हन बांधे मखना ला अँगोछी में बांध के अपन संग ले गे रहिस। राजा हर बाम्हन ला नी देख के पूछिस—"अब तो मानगे—देही तो गोपाल, का कर ही कपाल?" बाम्हन बांधे मखना ला ओकर सामने धर दीस अऊ अपना मूड़ला नंवा के कहिस—"नहीं महाराज, दे ही तो कपाल, का कर ही गोपाल?" राजा विचार करिस "बाम्हन सांच कहत हे। सोन बाम्हन के भाग में बदे रहिस, भाट के भाग में नि बदे रहिस, तभे तो भाट हर अपन मखना ला बाम्हन ला दे देईस।" ऐसन गुन के राजा कहिस—"तोरेच बात सांच हे। देही तो कपाल, का कर ही गोपाल?" राजा दुनों झन ला दान-भेंट देईस अऊ बिदा कर देईस।

ऐसा सोचकर उसने ब्राह्मण से कहा, "मित्र, कद्दू खाने से मेरी कमर मे दर्द हो जायगा, इसे लेकर तुम अपनी दाल मुझे दे दो।" ब्राह्मण ने उसकी वात मान ली। अपना-अपना सामान लेकर दोनो रसोई मे जुट गए। भाट दाल-चावल खाकर एक आम के पेड के नीचे सो गया। ब्राह्मण ने जव कद्दू काटा तो उसे वह सोना दिखाई दिया, जो राजा ने उसमे भरवा दिया था। उसने मन-ही-मन सोचा, "मेरे भाग्य मे था, मेरे पास आ गया। गोपाल तो इसे भाट को दे देना चाहता था।" उसने सोना एक कपडे मे वाध लिया। कद्दू का आधा भाग वचाकर आधे की तरकारी वना ली। वह भी खा-पीकर सो गया।

संध्या के समय दोनो मित्र फिर गोपाल राजा के दरबार मे पहुँचे। ब्राह्मण ने शेष आधा कद्दू एक कपडे मे लपेटकर अपने पास ही रख लिया था। राजा ने ब्राह्मण की ओर देखकर पूछा, "अव तो मान लिया—देगा तो गोपाल क्या करेगा कपाल ?"

ब्राह्मण ने आधा कद्दू राजा की ओर वढा दिया और नम्रता से सिर झुकाकर कहा, "नही महाराज, देगा तो कपाल, क्या करेगा गोपाल ?"

राजा ने सोचा कि ब्राह्मण सच कह रहा है। ब्राह्मण के भाग्य मे सोना था, भाट के नही और इसीलिए भाट ने कद्दू ब्राह्मण को दे दिया। राजा ने कहा, "तुम्हारा कहना ही ठीक है। देगा तो कपाल, क्या करेगा गोपाल ?"

उसने दोनो को भेट मे धन देकर विदा कर दिया।

निमाड़ी

एक अच्छो सो गाव थो। गांव का पासज नद्दी बयति थी। नद्दी का किनारऽ हरा-भरा झाड़ लहरई रह्या था। आजू-बाजू खेती-बाडी थी। भला आदमीन की बस्ती थी। यों तो जहां बस भला आदमी रहेन वहां दुइ चार लुच्चा लफंगा कहा नी रहेता? गाव का इच म मौका की जगह एक बडो जंगी घर कई बरससी खाली खंडेरो पडेल थो। गांव म केतरइ लोग आया, अच्छा—बुरा, गरीब-अमीर नेठू रहण्या[1] न चलता, मुसाफिर पण कोई भी उ घरन फोकट म भी रहण ख तैयार नी होय। गांव वालान को कयणो थो कि ओम भूत रहेज। अन जो कोई वोम रहेणऽ जाज वोखऽ उ खाइ जाज। फिरी असो कुण भयो[2] होयगा जो बलतो घर भाड़ ले।[3] अद तो अर कदि ढोर भी ओम भरइ जाय तो रखवालो उनखऽ दगड़[4] मारी न भाग्रह निकालइ दे, पण उना घर म पायी नी धरऽ[5]।

एक दिन की बात छे कि एक वाण्यो के तरइं बड़ा-बड़ा शहेरन म फिरतो चार पैसा कमइ न उना गाव म आयो। अन कहण लग्यो कि "भाइ न होण अब तो हऊं इनाज गाव म नेठू हुइ न घर माडीन, पांय जमइ न रहूंगा। देसऽ देस बहुत फिर्यो पण जब तक आदमी एक जगह नी रहतो तब तक वोकी जड़ नी जमती। अब कदी तुम मरब अपणा पदरम लइ लेव न ई मौका की जगा पर पडती खंडेरा म चार भाई मिलइ न घर बंधाडो

---

१. नेठू रहण्या—स्यायी निवास। २. भयो—पागल। ३. बलतो घर भाड़ ले—जलता घर किराये पर ले। ४. दगड—पत्थर। ५. लिखावट में संस्कृत में ऽ (अकार का चिह्न)।

जंगी भूत : ४ :

हिन्दी रूपान्तर

एक गाव था। बडा अच्छा-सा था। गाव से थोडी ही दूर एक नदी थी। सुहावने वृक्ष थे। आस-पास खेती-बाडी थी। भले आदमियो की बस्ती थी। यो तो दो-चार बुरे लोग सभी गावो मे रहते है। गाव के बीचोबीच मौके की जगह पर एक बडे घर का खडहर था—वर्षो से वीरान। कई मुसाफिर आते, नए बसनेवाले आते, किन्तु उस खडहर मे कोई भी रहने का साहस नही करता था, क्योकि बस्तीवालो को भलीभॉति मालूम था कि उस खडहर मे भूत रहता है, जो लोगो को खा जाता है। यही कारण था कि रातबीते उस तरफ कोई जाना तो दूर, देखना भी पसद नही करता था। गर्जेकि कोई भी आदमी उस पर को मुफ्त मे लेने को भी तैयार न था। ऐसा कौन पागल होगा जो जलता घर भाडे पर लेगा ? दिन मे दो-चार ढोर वहॉं बैठे रहते, पर रात होने के पहले ही ढोरवाले उस खडहर से पत्थर फेककर अपने ढोर निकाल ले जाते थे। खडहर की हद में पैर रखने की भी हिम्मत नही करते थे।

सयोग से एक सेठ साहब अपना देस मारवाड छोड़कर कुछ समय बडे-बडे शहरो मे व्यापार से धन कमाकर यहा आ गए। कहने लगे, "मै अब स्थायी रूप से यही रहूँगा और दूकान चलाऊँगा। अब उम्र ढलती पर आ गई है और घूमने-फिरने की इच्छा भी नही है, क्योकि आदमी जबतक एक जगह न जमे, उसकी जड नही जमती। मैने इस खडहर पर मकान बनाने का निश्चय किया है। यदि आप लोग मदद करके मेरा मकान खडा करवा दे तो

देव, तो हऊं यहां एक अच्छी दूकान धरूंगा। ओम म्हारो भी घर चल्गा न तुम्हारो भी काम सरऽगा।"

लोगन न बहुत समझायो कि भइ वहां मत रहे। उना घर म तो भूत रहेज। उन्न आज तक का किस्सा सुणाया, मरन वाला न की गिन्ती गिणाड़ी, कइ एक न का नांव सुणाया पण ओन एक नी मानी। न कह्यो कि "भाई मरूंगा तो हऊं न जिऊंगा तो हऊं, तुम क्यों फिकर करोज।"

लोगन् न सोच्यो कि जब इ कोइ की नी सुणतो अन मरन्ज ख आयोज तो मरण देव। अपुण ख काइ? अन उनऽ सबइनन चार आड़ा सीधा लक्कड़ लगाइन ओको घर तैयार करी दीयो।

वाण्या न ओम सामान धरयो दुकान मंडई, न रातखऽ आराम सी जाइन वहां सोइ गयो।

आधी रात को वखत हुयो कि ओकी नींद भरड़[1] सी खुली गई। न ओन देखयो तो सामनऽ एक बड़ो जंगी भूतडो उभेरा थो। पहले तो ऊ घबराण्यो।

पण फिरी हिम्मत करीन ओन पूछ्यो—"तू कुण आय? न तुख काई चायजे?"

ओन कह्यो—"हऊं भूत आय, न मख म्हारो नेग चायजे। कदि रोज मख म्हारो नेग नी मिल्यो तो हऊं तुख खाई जाऊंगा।"

वाण्यो तो काफी चणेल थो नी। ओन कह्यो कि "भाई मरा थारी वात मंजूर छे। पण मख काई विश्वास की तू भूतज आय। म्हारी एक अरज छे कि कदि तू सच्चो म भूतज होय न थारो भगवान का घर आवणो जाणो होय तो तूं मख काल तक एतरी वात बतई द कि ओका खाता वही म म्हारी उमर केतरी लिखेल छे। यका सी मख थारो भरोसो आइ जायगा, न थारी वात पूरी करन म कईं हरकत नी रहेणऽ की।"

जाण काई सोची न भूत उन दिन वापस चली गयो अन दूसरऽ दिन ठीक वखत पर आइन कह्यो कि "देख रे वाण्या मन ठेठ भगवान का घर

१. भरड़—चौंककर

मै यहा एक अच्छी दूकान खोलूगा। मेरा घर बन जायगा और तुम्हारा काम भी निकलने लगेगा।"

लोगो ने उन्हे उनके भले के लिए बहुत-कुछ समझाया, बीती कहानियां सुनाईं, मरनेवालो की गिनती बताई, किन्तु उसने किसी की नही मानी। कहने लगा, "भाइयो, मरूँगा तो मै और जिऊँगा तो मै। मेरी मरजी, तुम सब क्यो परेशान होते हो ? अगर हो सके तो तुम लोग सिर्फ इतनी मदद करो कि सब मिलकर मेरे रहने लायक एक मकान खडा करा दो।"

गाव भर मे इस नए बहादुर पर एक-दो दिन तक कानाफूसी होती रही और फिर उसकी जिद पर सबने यही तय किया कि वह मरने ही आया है तो उसकी इच्छा। अपने को क्या ? जैसा करेगा, वैसा भरेगा। आखिर सबने मिलकर आडी-टेढी लकडिया डालकर जैसे-तैसे उसके रहने लायक मकान खडा कर दिया। मकान तैयार होते ही सेठ ने उसमें थोडा-सा सामान रख दिया और दूकान खोल दी। रातको निश्चित होकर उसी मकान मे सो रहा।

कोई आधी रात बीते अचानक धक्के से उसकी नीद खुल गई। सामने जो देखा तो एक डरावनी शकल नजर आई। देखते ही पहले तो वह घबडाया, लेकिन दूसरे ही क्षण कुछ सँभल गया और साहस बटोरकर कहने लगा, "तुम कौन हो और क्या चाहते हो ?" प्रश्न सुनते ही शकल गरजकर बोली, "मै भूत हूँ—जगी भूत। अपना हक लेने आया हूँ। यदि रोज मुझे मेरा भक्ष्य नही मिला, तो मै तुझे खा जाऊँगा।"

सबकुछ शातिपूर्वक सुनकर सेठजी बोले, "दोस्त मेरे, मुझे तुम्हारी सारी शर्ते मजूर है। लेकिन मेरी सिर्फ एक ही प्रार्थना है। वह यह कि तुम यदि सचमुच भूत हो और ईश्वर के दरबार मे तुम्हारा प्रवेश है तो कृपाकर कल तक मुझे सिर्फ इतना ही बतला दो कि ईश्वर के कागजो मे मेरी क्या उम्र दर्ज है ? इससे मुझे तुमपर विश्वास हो जायगा और तुम्हारी शर्तें पूरी करने में कोई हिचकिचाहट न रहेगी।"

सेठ की बात सुनकर भूत चला गया। दूसरे दिन निश्चित समय पर आकर बोला, "देख रे बनिया, मैने खुद भगवान के घर जाकर पता लगा

आइन सच पतो लगाई लियो। उनका खाता मही म थारी उमर ज्यादा नी कमती ठीक असी बरस की लिखेल छे। समझ्यो, अब ला म्हारो नेग।"

वाण्या ने घेंघइ[1] न कह्यो—"भाई, ई तो घणो बुरो हुयो। अल्मी म तो म्हारी साँस सदा फसी रहेगा। असो कि मनऽ सुण्योज कदि तू सिरफ भूत आय न थारा म जरा भी दया माया होणु चावजे। न मख भरोसो छे कि असी आफत की घड़ी म तू म्हारी जरूर एतरी मदद करऽगा कि भगवान स कहन म्हारी उमर म सी एक दिन घटाड़ द या एक दिन बढ़ाड़ व। हऊं तोरो बहुत अयसान मानूंगा।"

भूत न कह्यो—"अच्छी बात छे। पण काल थरी हऊं एक नी सुणन को। याद राखजे हऊं भूत आय, भूत अन क म्हां को म्हांज चम्पत हुइ गयो।

तीसरऽ दिन क बखत सी भी पहेल आइ धमक्यो अन गरजी न बोल्यो—"सुन रे वाण्या, मन भगवान ख बहुत समझायो कि या तो थारी उमर एक दिन घटइ दे या बढ़इ दे, पण उन्न एक नी मानी न कह्यो कि एक दिन की तो काइ ओन सी एक घड़ी भी घटी या बढी नी सकती। समझायो? अब हऊं लाचार छे। तून मख तीन दिन तक बहुत बहलायो पण अब थारो एक नी चलन को। ला मारो नेग कहां छे? नहीं तो हऊं तूख खाइ जाऊंगा। समझ्यो।"

तब वाण्या न हँसतऽ-हँसतऽ कह्यो—"केरे दोस काई अब भी थारी समझ म नी आयो कि म्हारो उमर ठीक असी साल की छे। ओम सी एक क्षण भी कोइ घटइ या बढ़इ नी सकतो। यानि कि मौत सी पहल कोइ ख मारी नी सकतो। ई म्हारो भगवान का यहां को न्याय छे। काइ अब भी तूख काइं करणु ज?"

सुणतई सी जंगी भूत शरम खाई न चलो गयो। अन फिर कदि समय सी पहेल नी आयो।

---

1. घेंघइ—घिघियाकर

लिया है। उनके खाते मे तेरी उम्र ठीक अस्सी वर्ष की लिखी है। अब लाओ, मेरा हक कहा है ?"

सेठ बहुत चतुर था। उसकी बात समाप्त होते-न-होते उसने बहुत घिघयाकर कहा—"भाई, यह तो बहुत बुरा हुआ। अस्सी में तो सदा मेरी सांस फँसी रहेगी, जैसाकि मैंने सुन रखा है। क्या तुम महज शैतान हो ? आदमियत का तुममें कोई भी अश नही है ? नही-नही, ऐसा कभी नही हो सकता। तुममे जरूर आदमियत होनी चाहिए। मै सोचता हूँ कि ऐसे सकट के समय तुम मेरी इतनी सहायता तो अवश्य करोगे कि ईश्वर से कहकर मेरी उम्र मे से कम-से-कम एक दिन या तो घटवा दो या एक दिन बढवा दो। मै तुम्हारा सदा अहसानमन्द रहूँगा।"

न जाने क्या सोचकर यह कहते हुए कि अच्छा, लेकिन कल तुम्हारी कोई फरयाद नही सुनी जायगी, भूत इस दिन भी चला गया।

तीसरे दिन निश्चित समय के पूर्व ही आकर भत अत्यत क्रोधावेश से बोला—"देखो, मैने ईश्वर से बहुत आरजू-मिन्नत की, वे तेरी उमर मे या तो एक दिन घटा दे या बढा दे, लेकिन उन्होने एक न सुनी और कहा कि एक दिन तो क्या, उसमें से एक क्षण भी घट या बढ नही सकता है। अत मैं लाचार हूँ। समझा। अबतक मैंने तेरी बहुत बातें सुनी और तू मुझे लगातार टालता ही जा रहा है। लेकिन आज यह सब नही होगा। ला, मेरा हिस्सा कहा है ? चल, जल्दी कर, नही तो तेरी खैर नही। मै तुझे खा जाऊँगा।"

सेठ मुस्कराते हुए बोला, "दोस्त, अब भी तुम नही समझ सके कि मेरी उम्र के अस्सी बरसो मे से एक क्षण भी कोई घटा या बढा नही सकता है और यह कि मौत के पहले कोई किसी को मार नही सकता। यह ईश्वरीय विधान है। क्या अब भी तुम्हे और कुछ कहना है ?"

यह सुन भूत शरमाकर चला गया और फिर उस मुद्दत के पहले कभी नही आया।

मालवी

सात भई-वेन था। वे एक गांम में रेता था। छे. भई था, ने सातवीं वेन। उको नाम विरणवई थो। जदे उका मां-वाप तिरथ जावा लागा तो मां ने भोजायां होण के कियो के तम सव विरणवई के घणी लाड से राखजो। कोई भी इका से काम मत कराजो। भोजायां होण वोली—"सासू जी, हम तो तमारा सामे जो भी केणो होय कई दां, पण तमारा पीठ पाछे कई भी नी कां। धन भाग धन घड़ी, हमारे तो एकज नंनद हे, कंई दस-पांच तो हे नी! फेरवी तो अपना भई होण से भी जादा लाड़ में रिया हे।"

मां-वाप था तो तिरथ चल्या गया। भई होण था तो सेवा-चाकरी पे गया ने[1] आंचड़ो भोजायां होण ने पीली खान को रस्तो लियो।

"चलो बई अपण पीली लई आवां, घर में पीली खुटी गी हे।"

नंनद होंसीली[2] थी। "हो भाबी, चलो तडाक फड़ाक खोदी लावां।"

सब जणी पीली लेवा गई ने सव खोदवा लागी। भोजायां खोदे तो पीली निकले ने नंनद खोदे तो मोतीड़ा। भोजायां ने पीली की टोपल्यां भरी ने नंनद ने मोत्या की। यो देखी ने भोजायां रीसा बलीगी[3]। उनने मनका माय कियो—"या राड कजान कंई अन्तर-मन्तर जाणे हे। इके तो यांज[4] छोड़ी जाणो चइये, नी ता या घरे भी कजाणां कंई टोटका बटका करेगी।"

भोजायां वोली, "बई तम यांज ऊबा रो। तमार से या टोपली नी तोकायगी,[5] हम अपनी टोपल्यां कूड़ी[6] आवा ने फेर तमारी टोपली लई चलांगा।"

---

१. ने—और। २. होसीली—उत्साही। ३ बलीगी—जल गई। ४. याज—यहीं। ५. तोकायगी—उठेगी। ६. कूड़ी—खाली करना

बिरणबाई

हिन्दी रूपान्तर

एक गाव मे सात भाई-बहन रहते थे। छ तो भाई थे और सातवी बहन। उसका नाम बिरणवाई था।

जब उसके मा-बाप तीर्थ जाने लगे, तो मा ने भौजाइयो को बुलाकर कहा, "तुम मेरी लाडली बिरणबाई को सुख से रखना और कोई भी काम इससे मत कराना।"

भौजाइया कहने लगी, "सासूजी, हम तो आपके सामने जो कुछ कहना हो कह देती है, पर आपके जाने के बाद हम कुछ भी नहीं कहती। धन घडी, धन भाग, हमारे तो केवल एक ननद बाई है, दस-पाच तो है नहीं। और फिर वह तो अपने भाइयो से भी अधिक लाड से रही है।"

मा-बाप तीर्थ चले गए। इधर सब भाई अपने-अपने काम से बाहर जाते। एक दिन सब भाई इसी तरह बाहर गए हुए थे। भौजाइया बोली, "चलो, हम सब मिलकर पीली मिट्टी खोद लावे।" ननद उत्साही थी। बोली, "हा भाभी, चलो, जल्दी ले आवे।"

सबकी-सब पीली मिट्टी लेने गई। भौजाइया खोदती तो पीली मिट्टी निकलती और ननद खोदती तो मोती निकलते। भौजाइयो ने पीली मिट्टी की टोकरी भरी, ननद ने मोतियो की। भौजाइयो ने देखा तो जल गई। मन मे कहने लगी, "राड न जाने क्या जादू जानती है। घर पर भी न जाने क्या टोटका-टमना करेगी।" फिर वे कहने लगी, "बाई, तुम यही खडी रहो, तुमसे यह टोकनी नही उठेगी। हम अपनी टोकनिया खाली कर आवे, फिर

"नी भाभी, हूँ भी चलूं, तोकी लूंगा इके तो।"

"नी बई, तम ने इतरो भार कदी नी तो क्यो हे। कदी तमारे कम-बत्ती हुई जाय तो तमारा वीराहुण हम के खई जायगा। इका सरू[1] सबूरी करो ने थोड़िक देर ऊभारो।"

नंनद बिचारी ऊबी री। रस्तो देखतां देखतां घणी देर हुई गी। भाभी अबी आवे—भाभी अबी आवे। पर भाभी होण का मन में तो दाव थे। वा कई जाणे बिचारी। बैठे-बैठे आखो[2] दन हुव गयो पर भौजाया नी अई। सभी सांज[3] की बखत हुई ने वई से सादू की जमात निकली। विरणवई ने एक सादू से कियो के म्हराज म्हारी टोपली चढ़ई दो। सादू ने विरणवई के एकली देखी ने पूछयो—"क्यों बच्चा, तू एकली क्यो हे?" विरणवई ने तो सब हाल सादू के कियो। सादू ने मोको देख्यो ने विरणवई के अपना सांते लग ग्यो। विरणवई रोवा लागी, पण उने धमकई ने चुप कर दी।

नरा दन[4] हुई गया। उ सादू उ के कंई भी नी जावा देता थो। फेर वा छोटा मोटा गाम में मागवा जाणे लगी। धीरे-धीरे अपना घरबार की बी सुध विरण नी री। वयांड़ी[5] सादू ने उके उना गांम जावा से मना करी दयो थो के वां कोई भिक्स्या नी देगो।

एक दन सादू के ताप चढयो। उ कंई उठी नी सकतो थो। इका वास्ते विरण वई भिक्स्या लेवा ने निकली। उके याद नी री ने वा अपना घर की गैल में मांगवा लगी। बड़ा भई के घरे गई तो भाभी ने ललकारी दी। फिर उक से छोटा घरे गई ता वां भी कंई नी मिल्यो। सबका पाछे सबसे छोटा भई का घरे गई। भाभी कमाड़-कनेज[6] उबी थी। विरणवई जई ने गावा लागी—

> सात भई की एकली विरणवई।
> मोतीड़ा हो खोदते जोगीड़ा हो पकड़ी।
> माय माय भिक्स्या दे . . .

---

१. इसलिए। २. सम्पूर्ण। ३. गोधूलि-वेला। ४. कई दिन। ५. उस ओर। ६. द्वार के पास।

तुम्हारी ले चलेंगी।" वे जाने लगी।

विरण बोली, "नही भाभी, मैं भी चलती हूँ। उठा लूगी इसे तो।"

"नही वाई, तुमने इतना बोझ कभी नही उठाया। तुम्हे कहीं कुछ हो गया तो तुम्हारे भाई हमे खा जायगे। तुम तो थोडी देर यही खडी रहो, हम अभी आती है।"

ननद बेचारी खडी-खडी भौजाइयो की बाट जोहने लगी कि भौजाइयां अब आती हैं, अब आती है, पर भाभियो के मन का कपट बेचारी क्या जाने ? बैठे-बैठे सारा दिन बीत गया, पर वे नही आईं।

साझ हो गई। उसी समय वहा से साधुओ की एक जमात निकली। विरणवाई ने एक साधु से कहा, "महाराज, मेरी टोकनी उठवा दो।"

साधु ने देखा कि लडकी अकेली है। कहा, "बच्चा, तू यहा अकेली क्यो है ?"

विरणबाई ने सब हाल कह सुनाया। मौका देखकर साधु अपनी जमात मे ले गया। विरणबाई रोने लगी, पर कौन सुननेवाला था ?

कई दिन हो गए। साधु ने उसे कही नही जाने दिया। धीरे-धीरे वह उसे छोटे-मोटे गाव मे भिक्षा मागने भेजने लगा। अब वह सब घर-बार भूल गई थी। साधु ने उसे उस गाव मे जाने से मना कर दिया था, जहाँ की वह थी। उसने कहा कि उधर तुझे कोई पकड लेगा और वहा भीख नही मिलेगी।

डर के मारे वह बेचारी उधर नही जाती थी।

एक दिन साधु बीमार था। विरणवाई को कुछ याद नही रहा और भूल से वह उसी गाव की गली मे चली गई, जहा की वह थी। उसकी एक भौजाई द्वार पर खडी थी। विरणवाई जाकर गाने लगी :

सात भाई की एक विरणवाई,
मोतीरा खोदत जोगिरा पकड़ी।
माई-माई भिक्षा दे।

इतरा में विरणबई की मां सामने अई ने बोली,—"वई-वई तू कंई गाती थी, फेर से गा तो।" विरणवई ने फेर से गई द्यो। मां का आख से नोसरधार[1] वेवा लागी। विरण का नेना ने तलाव भरी आया। मा सोचवा लागी। ऐसीज म्हारी विरण थी। पीली खोदतां खोदतां खान में दबी के मरी गई। (क्योंकि भौजायां ने अई ने सबके ऐसीज कियो थो।)

"वई तू रोज आया कर हूं म्हारे अपनी बेटी समझी ने सब कई दिया करूंगी।" मां ने कियो। दुख में भूली बात याद अई जावे है। विरणवई के अपनी सब बात याद अई गी। मां की छाती से चोंटी ने विरण खूब रोई ने अपनी बीती सुणई। मां ने उके घर में लई जई ने न्हवई ने अच्छा कपड़ा पेराया। भोजयां यो देखी के जली-बली ने राख हुई गी।

अबे मां-बाप ने विरण को ब्याव करने का लदवो[2] जमायो। वंयाडो सादू के मालम पड़ी। ऊ आछो हुई ने यां आयो। उत्ती वखत विरण की सगाई हुई री थी। सादू बोल्यो—"सगाई तो करो, पण चेलो तो म्हारी है।"

जदे ब्याव हुइ ग्यो तो उने फिर कियो—"ब्याव तो करयो, पण चेलो तो म्हारी है।" विरण विदा होवा लागी। बेरा होण ने बिदई का गीत गाया। लाड़ावाला लाड़ी के लई ने जावा लागा। उनाज वखत सादू ने अई ने कियो—"लाड़ी तो लई जाव, पण चेली तो म्हारी है।" इस तरह जगे-जगे सादू के वा लाग्यो—"चेली तो म्हारी है—चेली तो म्हारी है।"

विरणबई घबरई गई। उने कियो—"ओ सायबजी,[3] ओ सास जी, म्हारे सात तालो में रोकी दो, नी तो म्हारे सादू पकड़ी लई जायगो।"

विरण के ससराल में सात तालो में रखी ने सोवाड़ी[4]। अंधारी रात। हात के हात नी सूजे। खड़को हुयो। कच्ची नींद की सोवा वालो विरण जागी। उने खड़को सुनो ने कियो —

---

१. नोसरधार—अश्रुओं की धार। २ लदवो—आयोजन।
३. सायबजी—प्रियतम। ४ सोवाड़ी—सो जाना।

(सात भाइयो की एक बिरणबाई को मोती खोदते हुए जोगी न पकड़ लिया है। हे माई, भिक्षा दे।)

भाभियों ने उसे देखा तो ललकार कर भगा दिया। वह सब भाइयो के घर होती हुई आखिर छोटे भाई के द्वार पर पहुँची। वहा भी उसने यही गाना गाया। इतने मे उनकी मा सामने आ गई। कहने लगी, "बाई, तू क्या गाती थी, एक बार फिर से तो गा।"

उसने फिर से गा दिया। मा की आखो से आसुओ की धार बहने लगी। बिरण की आखे भी डबडबा आईं। मा सोच रही थी कि ऐसी ही मेरी बिरण-बाई थी। पीली मिट्टी खोदते समय खान मे दबकर मर गई। (क्योंकि भौजा-इयो ने आकर सबको ऐसा ही बताया था)

मा कहने लगी, "बाई, तू रोज आया कर। मै तुझे अपनी बेटी समझ-कर खूब चीजे दिया करूँगी।"

बिरणबाई को अपनी सब बात याद आ गई। उसने सारा हाल कहा तो मा-बेटी मिलकर खूब रोईं। इस प्रकार बिरणबाई फिर अपने घर आ गई।

अब मा-बाप ने उसका व्याह करने का विचार किया। उधर साधु को मालूम हुआ कि बिरणबाई अपने घर चली गई है तो वह अच्छा होने पर वहां आया। उस समय बिरणबाई की सगाई हो रही थी। साधु बोला, "सगाई तो करो, पर चेली तो मेरी है।"

जब उसका व्याह हुआ तो साधु आकर फिर कहने लगा—"व्याह तो करो, पर चेली तो मेरी है।"

व्याह पूरा हुआ और बिरणबाई अपनी ससुराल जाने लगी। साधु फिर आया और कहने लगा—"लाडी तो ले जाओ, पर चेली तो मेरी है।" इस तरह साधु बिरणबाई के पीछे पड गया। बरात घर पहुँची तो वहा भी साधु आकर कहने लगा—"बरात तो आई, पर चेली तो मेरी है।"

जब इस प्रकार साधु बिरणबाई को जगह-जगह छेडने लगा तो बिरण-बाई घबडाई। उसने कहा, "ओ प्रियतम, ओ ससुरजी, मुझे सात ताले में बन्द करो, नही तो यह साधु मुझे पकड ले जायगा।"

"पैलो तालो टूट्यो, सासू जी जागो ।
दूजो तालो टूट्यो, ससराजी जागो ।
तीजो तालो टूट्यो, जेठजी जागो ।
चोथो तालो टूट्यो, जेठानीजी जागो ।
पांचमो तालो टूट्यो, देवरजी जागो ।
छठवों तालो टूट्यो, देरानीजी जागो ।
सातमो तालो टूट्यो, सायबजी जागो ।"

इस तरे बिरण सब के जगई दे । ठीक उत्तीज वखत सादू सातमो तालो तोड़ी ने बिरणवई के लेवाने भरायो । सब जणा ने मिली ने उक पकड़ी ल्यो ने ऐसो कूट्यो के फेर उने वंयाड़ी मुंडोवी नी कर्‌यो ।

बिरणवई फर अपनो घर बसायो ने सुख से सासू-ससरा की सेवा करी ने रेवा लागो ।

बार्ता यों तो पूरी हुईगो ने सुनवा वाला बूढ़ा हुई गया ।

बिरणबाई को ससुरालवालो ने सात तालो में बन्द करके सुलाया। अधेरी रात थी। रात को खडका हुआ, बिरणबाई जागी। उसने कहा—

"पहला ताला टूटा, सासूजी जागो।
दूसरा ताला टूटा, ससुरजी जागो।
तीसरा ताला टूटा, जेठजी जागो।
चौथा ताला टूटा, जेठानीजी जागो।
पाँचवाँ ताला टूटा, देवरजी जागो।
छठा ताला टूटा, देवरानीजी जागो।
सातवां ताला टूटा, प्रीतमजी जागो।

इस तरह बिरणबाई ने सबको जगा दिया। उसी समय साधु ने सातवा ताला तोडकर बिरणबाई के कमरे मे प्रवेश किया। सबने मिलकर उसे पकड़ लिया और उसकी ऐसी मरम्मत की कि फिर उसने कभी उस ओर आने का साहस नही किया।

बिरणबाई अपने घर मे सास-ससुर की सेवा करती हुई आनन्द के साथ रहने लगी।

किस्सा था सो पूरा हो गया, सुननेवाले बूढे हो गए।

अवधी

याक दिन जमराज औ नारद जी मां ई वतं भाई कि मनई[1] सूध होत हवै कि नांही। जमराज कहति रहें कि मनई तौ सद्भ्वासर[2] होत हवै, मुला[3] नारदजी कहति रहें कि मनई बहुतु चलता पुर्जा होत हवै। नारदजी येहौ कहै लागि कि भाई जमराज, तुमका मरे मनइन ते हमेसा पाला परा हवै, मुदा जियत मनई ते सामना परी तौ जइस कहति हो वह चौकड़ी भूल जइहौ।

इन बातन का सुनि कै जमराज अपने दूतन का हुकुम दीन्हेंनि कि मिरतु लोक मा जाय कै कौनौं जियत मनई का लै आव। दूत जब मिरतुलोक मां पहुंचे तौ उनका सबते पहिले याकै लखन नाव के पटवारी मिलिगे। दूतन उनहिन का पकरि लीन्हेंनि औ कहै लागि कि चलौ तुम का जमराज बोलायेनि हवैं। पटवारी पहले तो बहुतु डेरान, फिरि ब्वाला कि तिनकु रुकि जाव, हम अपने लरिकन बच्चन ते मिलि लेई फिरि तुम्हरे साथ चलति हवै। यहि बहाने ते पटवारी अपने घरै गा औ भगवान की तरफ ते जमराज के नाएं एकु परवाना बनायेसि, जहिमां लिखा रहै कि जमराज तुम लखन पटवारी का अपन सब कामु सौंपि देव औ तुम का अबै छुट्टी हवै। ये हैं परवाना लइकै पटवारी देउता दूतन के साथ जमराज के लगे पहुंचे। पहुंचतै हाथ जोरि कै बड़ी सुधाई ते पटवारी जी वहै परवाना जमराज के पांयन मा धरि दीन्हेंनि। भला, भगवान का हुकुम को टारि सकत है, परवाना पढतै जमराज अपन सब भारु लखन पटवारी का सौंपि दीन्हेंनि। पटवारी स्वाचै लागि हम तौ जिंदगी भरि पापुइ कीन है, यहि ते अइस उपाय करैक चही

---

१. मनई—मनुष्य। २. सद्भ्वासर—सरल, सीधा। ३. मुला—पर, परंतु।

हिन्दी रूपान्तर

एक दिन यमराज और नारद मे यह चर्चा चली कि मनुष्य सीधे-सरल स्वभाव के होते हैं या चालाक ? यमराज कहते थे कि मनुष्य वहुत सीधा-सरल स्वभाव का प्राणी है और नारदजी कहते थे कि मनुष्य वहुत चालाक और धूर्त होता है। नारदजी कहने लगे, "भाई यमराजजी, आपको हमेशा मरे आदमियो से वास्ता पडता है। यदि आपको कभी जिन्दा आदमी से सावका पड जाय तो आपकी यह धारणा वदल जाय।"

यह सुन यमराज ने अपने दूतो को हुक्म दिया कि तुम मृत्यु-लोक से एक जीवित मनुष्य पकड लाओ। दूत जब पृथ्वी पर पहुचे तो उन्हे सबसे पहले लखन नाम के एक पटवारी मिले। दूतो ने उनको पकड लिया। कहा, "चलो, तुम्हे यमराज ने बुलाया है।" पटवारी पहले तो घबडा गया, फिर कुछ सोचकर बोला, "जरा ठहर जाओ, मै अपने बाल-बच्चो से मिल लू, फिर तुम्हारे साथ चलता हू।" इस बहाने समय लेकर वह घर के भीतर गया और उसने भगवान की तरफ से यमराज के नाम एक परवाना बनाया, जिसमे लिखा था, "यमराज, तुम परवाना देखते ही तुरत अपना सारा कारभार लखन पटवारी को सौंप दो। तुमको आज से पेंशन दी जाती है।" इस प्रकार परवाना तैयार करके उन दूतो के साथ वह यमराज के पास पहुचा। उसने वहा पहुचते ही वडी नम्रता के साथ वह परवाना यमराज के चरणो के पास रख दिया। भगवान की आज्ञा कौन टाल सकता है? परवाना पढते ही यमराज ने यमलोक का सारा कारभार लखन पटवारी को दे दिया। लखन यमराज की गद्दी पर जा बैठा। वह सोचने लगा कि मैने जीवनभर पाप-ही-पाप कमाया है, इसलिए मुझे अव, कुछ ऐसा प्रवध

कि जब हम मरी तो हम का हियौ सुखु मिले। वोहु जमराज के कानूनन का बदलि डारेसि औ हुकुम दीन्हेंसि कि जेतने पापी जीउ नरक मां परे हैं उन का सरग मां पठै दीन जाय औ जेतने सरग मां होंय उनका नरक मा ढकेलि आव।

यहि नये इंतजाम ते तीनऊ लोकन मां हाहाकार मचिगा। सब देउता मिलि कै भगवान की सरन मा गे औ सब हालु सुनायेनि। भगवान जमराज का बोलाय कै सब बातैं पूंछेनि। जमराज कहै लागि—"दीनबन्धु, यहु हमार कीन नहीं, लखन पटवारी का कीन कामु आय, जहिका आप परवाना दइकै जमलोक का भारु सौंपि दीन हऊ।"

भगवान सुनि कै बहुतु गील गीला[1] भे। कहै लागि कि हम तौ अइस परवाना लइकै तुम्हरे लगै कोहुक नहीं पठवा। तुरतै लखन पटवारी कै तलबी भै। बहि ते भगवान पूंछेनि तुम यहु जालु-फरेबु काहेक कीन हऊ? पटवारी ब्वाला—"दीनानाथ, जमराज कायदे के बरखिलाफ अपने दूतन ते हम का जियतै पकरि बोलायेनि। तौ हम स्वाचा कि न जानी ई हमरे साथ कइस सलूक करैं, यहिते हम अपने बचाव की नीतिन अइस काम कीन है।" पूंछै ताछै ते पटवारी का कहा सच्ची पावागा, तोहू भगवान यहु फैसला कीन्हेनि कि झगड़ा तौ पटवारी औ जमराज के बीच रहै, मुला यहु तौ जमलोक के नियमन का बदलि कै सरग के जीवन का नरक मां पठै कै बहुतु दिक्क कीन्हेंसि है। यहि ते पटवारी का कुंभीपाक नरक मा डारि दीन जाय। सजा सुनि कै पटवारी हाथ जोरि कै बिनती करै लाग कि दया-सागर, हमका थाक दंईं कुछु घंटन की खातिन मिरतुलोक मां जायका हुकुम मिलि जाय? हुवां ते लौटि कै हम यह सजा भ्वागै का तैयार हन। भगवान पूंछेनि कि तुम भुंइं पर काहेक जावा चहति हो? पटवारी जबाबु दीन्हेंसि कि हम हुवां जाय कै मनइन का बतइबे कि तुम सबु भगवान कै पूजा-ऊजा न कीन करौ, काहे ते, भगवान के दरसन ते तौ नरक मा जायवा परत है। यहै हमरे साथ भा है। हम साच्छात भगवान के दरसनौ कीन तहूं

1. गील गीला—आश्चर्य-चकित

कर लेना चाहिए कि जिससे मरने के बाद मुझे स्वर्ग मिले। उसने यमराज के कानून को बदल दिया और आदेश दिया कि नरक मे पडे हुए सब पापियो को स्वर्ग भेज दिया जाय और स्वर्ग मे जो पुण्यात्मा है, उन सबको नरक मे पटक दिया जाय। नरक के पापी स्वर्ग भेज दिये गए और स्वर्ग के पुण्यात्मा सब नरक मे पटक दिये गए। इस नए प्रबन्ध से तीनो लोको मे खलबली मच गई। सब हाहाकार कर उठे। सब देवता मिलकर विष्णु भगवान के पास गए और यह सब अन्धेर कह सुनाया। सुनकर भगवान ने यमराज को बुलाया और पूछा, "तुमने यह क्या अधेरगर्दी मचा रक्खी है?" यमराज बोला—"दीनबन्धु, यह मेरा नही, लखन पटवारी का काम है, जिसे आपने परवाना भेजकर मेरी जगह यमलोक का काम सौंपा है।" यह सुन भगवान अचरज से हँसते हुए कहने लगे, "मैंने तो किसी को परवाना देकर तुम्हारे पास नही भेजा।" आखिर लखन पटवारी तलब किया गया। उसके आने-पर भगवान ने पूछा, "तुमने यह जालसाजी क्यो की?" पटवारी बोला, "दीनानाथ, यमराज ने कायदे के खिलाफ मुझे सदेह यमपुरी मे पकड बुलाया। मैंने सोचा कि यमराज मेरे साथ न जाने कैसा सलूक करेगे, इसलिए मैंने अपनी भलाई के लिए यह काम किया है।" पूछ-ताछ करने पर भगवान को मालूम हो गया कि पटवारी सच कह रहा है। पर उन्होने सोचा कि झगडा तो केवल पटवारी और यमराज के बीच था, लेकिन इसने तो यमलोक के नियमो को बदलकर पुण्यात्माओ को नरक मे डाल दिया। उन्हे अकारण बहुत कष्ट पहुचाया है। इसलिए इसे सज़ा देना उचित है। भगवान ने हुक्म दिया कि पटवारी को कुभीपाक नरक मे डाल दिया जाय। निर्णय सुनकर पटवारी हाथ जोडकर भगवान से कहने लगा, "प्रभो, मुझे आपकी आज्ञा शिरोवार्य है, पर एक बार मुझे कुछ घटो के लिए पृथ्वी पर जाने की आज्ञा दे। लौटकर फिर खुशी-खुशी दण्ड भोगने को तैयार हू।" भगवान ने पूछा, "तुम पृथ्वी पर किसलिए जाना चाहते हो?" पटवारी बोला, "दीनानाथ, थोडा-सा काम है। मैं पृथ्वी पर जाकर लोगो को समझाऊगा कि तुम व्यर्थ ही भगवान का पूजा-पाठ किया करते हो।

नरक मां जायवा परि रहा है ।

पटवारी का कहबु सुनि कै देउतन बड़ा गोलमाल मचादा । उइ पंचै भगवान ते कहै लागि कि यहिका खुब धनु-वैभव दइकै पिरथी पर पठै दीन जाय, नहीं तौ हुंवां यहि की बातें सुनि कै बड़ा गड़बड़ मचि जाई । भगवान देउतन का कहबु मानि कै बहिका घरै पहुँचा दीन्हेंनि । मुल पटवारी महुतु चिंतित रहै लाग कि मरै के बादि जमराज हम ते जरूरै बदला भँजइ हैं । यहि ते बचैक कुछु उपाय करैक चही । मुदा वहिकै तौ यह जल मैं कै आदति रहै कि कौनव नीक कामु न करै । लेबु छांड़ि कै देबु जानतय न रहै ।

यही भरमजालु मां बहि कै सारी जिंदगी बीतिगै । मरै की बेरिया बहि खाली याक पलंजरू[1] गाय पुन्नि कीन्हेंसि । मरै के बादि जब वोहु जमराज के लगै लावा गा औ वहि के करमन का ल्याखा ज्वाखा कीनगा तौ पापुइ-पापु निकसा, औ पुन्नि मा बहै पलंजरु गाय । तौ जमराज पूंछेनि कि तुम पहिले पुन्नि भ्वागा चहित हौ कि पापु । पटवरेऊ बोले कि हम तौ पहिले पुन्नि भोगिबे, फिरि तौ नरक मां सरइक है । जमराज मंजूरी दै दीन्हेंनि । तब गैवा आई औ पटवारी ते पूंछै लागि कि का हुकुम है ? जौ-उनु कहौ तौउन अबही कइ डारी । पटवारी हाथ जोरि कै कहै लाग—"हे महतरेऊ, तुम अपनि दूनौं सींघ जमराज के प्याट मा हूलि देव औ हलावत रहौ जब तक वहि मरि न जाय ।" यह्नु सुनतै गैवा जमराज की कैती[2] झपटी औ जमराज हुंवां ते जान लइकै भागि । उइ गैवा ते बहुत चिरौरी विंती कीन्हेंनि मुला वह मनतिहि न रहै ।

तब देउतन दूनौन का बीच बचाव कइकै पटवारी औ जमराज का समझउता करा दीन्हेंनि कि पटवारी का सरग मां राखा जाय । यहि तना पटवारी देउता का बैकुंठौ मिलिगा और नारदजी कै बात रहिगै कि जियत मनई ते जमराज खट्टी खागे ।

---

१. पलंजरू गाय—बूढ़ी-दुबली गाय । कैती—ओर, तरफ

भगवान के दर्शन से तो नरक जाना पडता है, जैसाकि मेरे साथ हो रहा है। मुझे भगवान के साक्षात् दर्शन होने के बाद भी नरक मे भेजा जा रहा है।"

पटवारी की बात सुनकर देवता लोग घबडाये। इसका तो बहुत बुरा असर पडेगा। पृथ्वी से भगवान की पूजा उठ जायगी। सो उन्होने भगवान से प्रार्थना की कि इसे बहुत-सा धन देकर पृथ्वी पर ही भेज दिया जाय, नरक न भेजा जाय। भगवान ने देवताओ की बात मान ली और उसे देवताओ के कहे अनुसार बहुत-सी धन-दौलत देकर पृथ्वी पर भेज दिया।

अब पटवारी को चिंता सताने लगी कि मृत्यु के पश्चात् यमराज बदला ज़रूर लेगे। उससे बचने के लिए कुछ उपाय अवश्य करना चाहिए, परन्तु हमेशा की आदत के अनुसार उससे कोई सत्कर्म या दान-पुण्य नही हो सका, क्योकि वह लेना छोड देना तो जानता ही न था। इसी सोच-विचार मे सारी जिदगी बीत गई। मृत्यु के समय उसने एक बूढी उजरऊ गाय पुण्य मे अवश्य दे दी थी।

मरने के बाद जब वह यमराज के सामने पेश किया गया और उसके कर्मो का लेखा-जोखा हुआ तो पाप-ही-पाप निकला, पुण्य तो केवल उजरऊ गाय का था। यमराज ने पूछा, "पहले तुम पुण्य का फल भोगना पसद करते हो या पाप का ?" पटवारी बोला, "पुण्य का।" यमराज ने अपनी स्वीकृति दे दी। गाय सामने आई और पटवारी से कहने लगी, "क्या आज्ञा है ? जो इच्छा हो उसकी पूर्ति करू ?" पटवारी ने कहा, "हे गऊ माता, जो तुम सत्य की साची हो तो तुम अपने दोनो सीग यमराज के पेट मे घुसेड दो और तबतक हिलाती रहो जबतक उसके प्राण न निकल जाय।" यह सुनते ही गाय यमराज की तरफ झपटी। यमराज जान लेकर भागे। उन्होने गाय से बहुत अनुनय-विनय की, पर वह न मानी। तब देवताओ ने यमराज और पटवारी मे यह समझौता करा दिया कि पटवारी यमराज को बचा ले और यमराज पटवारी को नरक के बदले स्वर्ग-लोक मे स्थान दे।

इस प्रकार जीवित मनुष्य का लोहा यमराज को भी मानना पडा और उन्होने नारद से कहा कि आपका कहना वास्तव मे सच है।

कुछ दिन रहे के बाद रकसीनियां से विजैपाल पूछलक कि अयँ नानी धर-खबा पर छै गो आंख केकर रक्खल हइ ? नानी कहलक कि इ छौबो आंख राजा के रानी के हअ। तोहर महतारी हिंआ पेठा देलक उहे। फिनु पूछलक कि इ आंख जुट कइसे सकअहे ? नानी कहलक कि फलना जगह धान के खेत हउ। उहां रोज धान कटा हे आउ रोज धान रोपा हे। उ धान के माड़ से इ आख रानी के साट देल जाय तो रानी देखे लग सकऊ हे। फेन का हल। विजैपाल नानी ही से विदागी लेके धान के खेत में गेल आउ पांच बाल लेके घर पहुँचल। चार बाल के तो कूटकाट के भात बनाकर मांड़ गारलक आउ ओकरा से छैबो आंख तीनो महतारिन के लगा देलक आउ एक बाल बुन देलक। बस बिहान होके धाने धाने झलके लगल। अब मायके सूज्झे भी लगल आउ खायला मांड़-भात भी मिले लगल। अब मकान बनबे की बारी आवल। खेती बारी में भी आदमी जन के जरूरत बढ़ते जाहल।

एक दिन फिन नानी हीं पहुँचल। नानी हीं एगो डंटा देखलक। पूछे पर पता चलल कि जे कर पास इ डंटा रहत उ जेतना अदमी आउ जानवर के खदेड़ के लावेला चहित, ले आवत। विजैपाल लेलक डंटा आउ उढ़क देलक। अब डंटा लेके सहेर के सहेर गाय, भईंस बैल आउ भैंसा ले आवल। गर-गोर खीआ, अदमी-जन मजूर सभ के डंटा से खदेड़ लौतक। अब तो गर-मकान बन गेल, खेल-पथार जोताय-कोड़ाय लगल। घर गिरहस्थी के सभ सामान भेगेल।

एक दिन एगो राजा आबल से अपन लड़की से बिआहो दान कर देलक। ऊ अप्पन सभ राजपाट विजैपाल के दे दलक। अब विजैपाल राजा भे गेल। मुला सोचलक कि जो रकसीनियां जान गेल तो बड़ा तंग करल। इ गुने इ फिन रकसीनियां के मैया ही पहुचल। दूगो किऊउरी देख के पूछलक कि इका हउ नानी। रकसीनियां कहलक---बेटा, एगो में हमर परान आउ दोसरा में तोहर माय के परान हउ। खोललं तो दुनु मर जायग। रख दे जलदी सबर !

ठिकाना लेकर विजयपाल वहा जा पहुचा । वहा जाकर उसने राक्षसी की मा से नानी का सबध जोड लिया । कुछ दिन रहने के पश्चात् विजयपाल ने नानी से पूछा, "नानी, ये छ आखे किसकी टगी है ?" राक्षसी बोली, "ये राजा की रानियो की है, बेटा । तेरी मा ने उनकी आखो को निकलवा कर यहा भिजवा दिया था ।" उसने फिर पूछा, "ये आखे फिर कैसे जुड सकती है ?" राक्षसी बोली, "अमुक जगह नितनई धान का खेत है । वहा धान नित्य बोया और नित्य काटा जाता है । उस धान के माड से यदि आखे चिपका दी जाय तो वे देखने लगेगी ।"

फिर क्या था ? विजयपाल नानी के यहा से आखे लेकर चला और धान के खेत पर पहुचा । वहा से उसने धान की पाच वाले तोडी और घर आ गया । चार वालो को कूटकर भात वनाया और उसके माड से छहो आखे तीनो माताओ के लगा दी । एक बाल बो दिया । धान पककर तैयार हो गया । अब माताओ को नित्य भात खाने को मिलने लगा और आखो से सूझने भी लगा । खेती-बाडी के लिए आदमियो की जरूरत हुई । मकान भी वनाना था । एक दिन वह फिर अपनी नानी के यहा पहुचा । उसने नानी के यहा एक डडा देखा । पूछने पर पता चला कि जिसके पास यह डडा रहता है वह चाहे जितने जानवरो और आदमियो को खदेड सकता है । विजयपाल ने मौका देखा तो डडा लेकर चल दिया । घर आया । अब वह डडा लेकर झुड-के-झुड गाय, भैस, बैल खदेड लाया । खेती-बाडी, मजदूरी और ढोर चराने के लिए बहुत-से आदमी भी ले आया । मकान बन गया । घर-गिरस्ती अच्छी चलने लगी ।

एक दिन एक राजा आया । उसने अपनी लडकी विजयपाल को ब्याह दी । अपना राजपाट भी उसे दे दिया । विजयपाल अब राजा हो गया, लेकिन उसने सोचा कि यदि राक्षसी को यह सब हाल मालूम हुआ तो वह मुझे तग करेगी । इसलिए उसे भी ठिकाने लगा देना चाहिए । वह फिर नानी के पास जा पहुचा । उसने उसके पास सिन्दूर रखने की दो डिबियो को देखकर पूछा, "ये क्या है, नानी ?"

एक दिन विजंपाल रकसोनियां से चुप्पे दुन्ने किऊउरी लेके चम्पत भे गेल। जइसहीं किऊउरी खोललक कि दून्नू माय-बेटी बम बोल गेलन। अब विजंपाल अपन बाप हीं आवल आऊ अपन परिचै देलक। बाप-बेटा गले गले मिललन। हिआ के राज भी विजंपाल के हाथ लगल। अब ओकर सोना के दिन चानी के रात होबे लागल। खिस्सा गेलो बन में बुझ्झ अपन मन में। अँघरी के बेटानी पर सभ के भाग फिरें।

राक्षसी बोली, "बेटा, इन्हे मत छूना। इन डिवियो मे मेरे तथा तेरी मा के प्राण हैं। डिविया खोलते ही हम दोनो मा-बेटी मर जायगी।"

एक दिन विजयपाल चुपचाप उन दोनो डिबियो को लेकर घर आ गया। जैसे ही उसने उन्हे खोला, मा-बेटी दोनो मर गई। अव विजयपाल अपने बाप के यहा पहुचा और अपना परिचय दिया। वाप-बेटा गले मिले। वाप का राज भी विजयपाल को मिल गया। अव क्या था? उसके दिन सोने के और राते चादी की होने लगी।

किस्सा समाप्त हुआ, मन में इसका मतलब समझे। अधरी के बेटा के समान सबके भाग खुले।

मनई केर मोल

बाघेली

ऐसेन ऐसेन रहैं एक राजा विकरमाजीत। उइ[1] बड़े न्यायी राजा रहैं। उनके न्याय कै परसन्सा दूर-दूर रहै। एक बेर ऐसेन भा कि देउतन के राजा इन्द्र सोचिन कि राजा बिकरमाजीत कै परिच्छा लीन जाय। नहीं तौ कहौं ईं[2] हमार इन्द्रासनै न पाय जांय। ऐखे खौतिर[3] उइं मनई[4] के तीन मूंड़ कटे कटाये पठइन[5] कि जौ राजा ईं तीनौ मूड़न केर अलगु-अलग मोल बताय दिहिन[6] तौ उनके सारे राज मा हुन्न[7] बरसी, नही तौ गाज गिरी। राजा राज दरबार मा तीनौं मुड़ धर के सब दरबारी पंडितन से कहिन कि तुम पंचै इनखर मोल बतावा तौ एकौ पंडित उनखर मोल न बताय सके। सारे राज दरबार मा सनाका[8] छायगा। देखैं मा अस[9] लागै कि जानौ तीनौ मूड़ एकै मनई के आयं थोरौं फरक न रहै। पंडितन का हाल देख के राजा बहुत खिसयान औ अपने पुरोहित से कहिन की देखा तुमका तीन दिन कै मोहलत दीन जात है। जो इनखर मोल बताय देहा तौ मुंहमागा इनाम पइहा, नहीं तौ फांसी पर टंगवाय दीन जइहा। दुइ दिन तक पुरोहित महराज सोचिन बिचारिन तौ कुछू मतलब बैठावा न बइठ। तब तिसरे दिन उइं बड़े सकट मां परे। सब खाब नहाब भूलगा। मारे सोच के उदास है के पिछौरी ओढ़ के पर रहे। पंडिताइन आईं औ पिछौरी उठाय के कहिन—"पंडित आज अपना कैसेन करी थे। चली उठी नहई खई।" पंडित मूड़न वाली सब किस्सा बतायगे। या सब सुनतै पंडिताइन के होस न रहिगा औ ओऊ बड़े असमंजस मा पड़ीं कि मोरे राम, अब का कीन जाय। कुछू समझ मा न आबा तौ सोचिन

---

१. वे २. यह ३. लिए ४. आदमी ५. भेजा ६. दिया ७. सुवर्ण ८. सन्नाटा ९. इस प्रकार।

६ हून

मनुष्य का मोल

हिन्दी रूपान्तर

विक्रमाजीत नाम के एक राजा थे। वे बडे न्यायी थे। उनके न्याय की प्रशसा दूर-दूर तक फैली थी। एक बार देवताओ के राजा इन्द्र ने विक्रमाजीत की परीक्षा लेनी चाही, क्योकि उन्हे डर था कि कही ऐसा न हो कि अपनी न्याय-प्रियता के कारण राजा विक्रमाजीत उनका पद छीन लें। इसके लिए उन्होने आदमी के तीन कटे हुए सिर भेजकर कहला भेजा कि यदि राजा इनका मूल्य बतला सकेगे तो उनके राज मे सब जगह सोने की वर्षा होगी। यदि न बता सके तो गाज गिरेगी और राज्य मे आदमियो का भयकर सहार होगा। राजा ने दरबार मे तीनो सिर रखते हुए सारे दरबारी पडितो से कहा, "आप लोग इन सिरो का मूल्य बतलाइये ?" पर कोई भी उनका मूल्य न बतला सका, क्योकि तीनो सिर देखने मे एक समान थे और एक ही आदमी के ज़ान पड़ते थे। उनमे राई बराबर भी फरक न था। सारे सभासद् मौन थे। राजदरबार मे सन्नाटा छाया हुआ था। एक-दूसरे का मुह ताक रहे थे। पडितो का यह हाल देखकर राजा चितित हुए। उन्होने पुरोहित को बुलाकर कहा, "तुम्हे तीन दिन की छुट्टी दी जाती है। जो तुम इन तीन दिन मे इनका मूल्य बता सकोगे तो मुहमागा पुरस्कार दिया जायगा, नही तो फासी पर लटका दिये जाओगे।"

दो दिन तक पुरोहितजी ने बहुत सोचा, परतु वे किसी भी फैसले पर न पहुचे। जब तीसरा दिन शुरू हुआ, तो वे बहुत व्याकुल हो उठे। खाना-पीना सब भूल गए। चिन्ता के मारे चद्दर ओढकर लेट रहे। पडिताइन से न रहा गया। वह उनके पास गई और चद्दर खीचकर कहने लगी, "आप

काल्ह तौ पंडित का फांसी होइन[1] जई तौ चला हम पहिलेन काहे न जिउ तेग देई। काहे पंडित कै मौत अपने आंखिन देखी। आधी रात के बखत मरै कै निरूप[2] कै के पंडिताइन शहर के बाहर निकरीं।

एहकैंती[3] का भा कि पारबती जी शंकर भगवान से कहिन कि सती के ऊपर संकट आय के परगा है तौ कुछू करा चाही। शंकर भगवान कहिन अरे पारबती या संसार आय हेन[4] ऐसेन रहल है, कहां तक तुम कुछू करिहा। पै गौरा पारबती एकौ न मानिन कहिन, नहीं कुछ जुगुत तौ करबै करी[5]। शंकर भगवान कहिन कि जो नहीं मनतिउ तौ चलो चली। दूनौ जने सियार सियारिन कै भेख धरिन औ तलाये को मेड़ मां जहां पंडिताइन बूड़ै चली जात रहैं, जाय के पहुंचगे। पंडिताइन जब तलाए के मेड़ के लघें[6] पहुंची तौ का सुनिन कि तराये के मेड़ मा एक सीगट (सियार) खूब हँसै, हुके-हुके[7] करै औ पुनि हँसै लागै। ये ही बीच मा सिगटिनिया पूछिस कि तुम आज कैसेन बैंकलाय[8] गया है कि बिना मतलबे हँसे डरत्या है। सिगटवा कहिस अरे तैं का जानस अब खूब खांय का मिली। खूब मोटाब। सिगटिनिया कहिस कि या कैसेन बात आय तुम कहत्या है कुछू समझ मा नहीं आवै, समझी तौ मानी। सिगटवा[9] कहिस कि राजा इन्द्र राजा बिकरमाजीत के हेन तीन ठै मूड़ पठइन है औ कहवाय पठइन है कि जो राजा इनकर मोल बताय पाइन तौ हुन्न बरसी नही तौ गाज गिरी। तौ सुन, मोल तो कोऊ बताय नै सकी कि सोन बरसै। अब राज मा सगले[10] हार गाजै गिरी तौ बहुत जने एक साथै मरि है तौ खूब खाबे, खूब मुटाबै। एतना कहि के सिगटऊ "हुके-हुके" कै के हँसै लाग। सिगटिनिया फेर कहिस कि तुम जानत्या है इन मूड़न केर मोल कि बैसे आय हँसत्या है? सिगटवा कहिस कि सुन, हम जानित तौ जरूर हयन पै बताउब ना। जो बताय दिहेन औ कोऊ सुन लिहिस तौ सब

---

१ हो ही २. निश्चय करके ३ इस ओर, इधर ४. यहां ५. किया ही जाय ६. पास ७. स्यार की बोली ८ पागल होना ९. स्यार (गीदड़) १०. सम्पूर्ण।

आज यो कैसे पडे है? चलिए, उठिए, नहाइए, खाइए।" पडित ने उन तीनो मूडो का सब किस्सा पडिताइन को कह सुनाया। सुनते ही पडिताइन होश-हवास भूल गई, बडे भारी सकट मे पड गई। मन मे कहने लगी—हे भगवान्, अब मै क्या करू? कहा जाऊ? कुछ भी समझ मे नही आता। उसने सोचा कि कल तो पडित को फासी हो ही जायगी, तो मै पहले ही क्यो न प्राण त्याग दू? पडित की मौत अपनी आखो देखने से तो यही अच्छा है। यह सोच मरने की ठान आधी रात के समय पडिताइन शहर से बाहर तालाब की ओर चली।

इधर पार्वती ने भगवान शकर से कहा कि एक सती के ऊपर सकट आ पडा है, कुछ करना चाहिए। शकर भगवान् ने कहा—यह ससार है। यहापर यह सब होता ही रहता है। तुम किस-किस की चिन्ता करोगी? पर पार्वती ने एक न मानी, कहा—नही, कोई-न-कोई उपाय तो करना ही होगा। शकर भगवान् ने कहा, "जो तुम नही मानती हो तो चलो।" दोनो सियार और सियारिन का भेस बनाकर तालाब की मेड पर पहुचे, जहा पडिताइन तालाब मे डूबकर मरने को आई थी। पडिताइन जब तालाब की मेड के पास पहुची तो उसने सुना कि एक सियार पागल की तरह जोर-जोर से हँस रहा है। कभी वह हँसता है और कभी "हुके-हुके, हुवा-हुवा" करता है। सियार की यह दशा देखकर सियारिन ने पूछा, "आज तुम पागल हो गए हो क्या? क्यो बेमतलब इस तरह हँस रहे हो?" सियार बोला, "अरे, तू नही जानती, अब खूब खाने को मिलेगा—खूब खायगे और मोटे-ताजे हो जायगे।" सियारिन ने कहा, "कैसी बाते करते हो? कुछ समझ मे नही आती, जो कुछ समझू तो विश्वास करू।" सियार ने कहा, "राजा इन्द्र ने राजा विक्रमाजीत के यहा तीन सिर भेजे है और यह शर्त रखी है कि जो राजा उनका मोल बता सकेगा तो राज्य भर मे सोना बरसेगा; जो न बता सकेगा तो गाजे गिरेगी। तो सुनो, सिरो का मूल्य तो कोई बता न सकेगा कि सोना बरसेगा। अब राज्य मे हर जगह गाज ही गिरेगी। खूब आदमी मरेगे। हम खूब खायगे और मोटे होगे।" इतना

तारै-ज्योंत बिगड़ जई । सिगटिनिया कहिस कि तौ तुम कुछू आय नहीं जनत्या; वैसे झूरै आय डींग मरत्या है । हेन आधी रात कै घौं को आय के बैठ हूँ जउन सुन लेई तौ इनकर भेदै खुल जई । सिगटऊ आव धरिन न ताव, चट्ट कहिन कि तै हमरे बात केर विसुआसै नहीं । नही मानती तौ ले सुन । तीनों मूडन केर मोल हम बताइत है कि तीनों मा एक मूंड ऐसेन है कि जौ एक सराई[1] सोने कै लै के काने ह्वै के डारै जो ओखे मुंहे ह्वैके ना निकरै तौ ओकर मोल अमोल है । दुसरे मूड़े का लै के जो सराई कानें ह्वैके डारै औ मुंहे ह्वै के निकर जाय तौ ओखर मोल दस हजार रुपिया । औ तीसर मूंड़ लेय औ ओखे काने ह्वैके सराई डारै औ सराई मुंहें, आखी, नकुवा सब जघा ह्वै के निकर जाय तो ओखर मोल है दुई कौंड़ी । पंडिताइन जा सब बात सुनत रहें तौ चुप्पै घर कइल चल दहिन ।

पंडिताइन खुशी-खुशी घरै आई औ पिछौरी टार के पंडित से कहिन का परे हा, चला उठा, नहा आव । कौने सोचन परे हा, हम बताउब न मूड़न केर मोल । पंडित बडे विहन्ने[2] उठे तौ राजा का सिपाही ठाढ रहे तौ खिसिआय के ओहो के ऊपर पड़े । कहिन, कि बड़ा सकार[3] न भा, आय के ठाढ़ ह्वै गे, अरे हम कहीं भगे थोड़ौ जात रहेन । जा राजा से कहि दिहा कि कउन वड़ा काम आय सौंपे है । नहाय धोय लेई, खाय पी लेई तौ आई । पंडित नहाइन धोइन पूजापाठ किहिन औ खाय पी के रीते एतनेन मा पंडिताइन से भेद पूंछपाछ के राजा के दरबार मा पहुंचे । पैलागी परनाम भई । पंडित जातै कहिन कि मंगाई कहां हैं तीनौं ठे मूंड़ । राजा उइ तीनौं मूड़ मंगाय दिहिन । पंडित उनही एह कैती ओह कैती उलटाय पलटाय के देखिन औ कहिन कि एक ठँ सोने की सराई तौ मंगाय देई । राजा सोने कै सराई मंगवाय दिहिन । पंडित सराई उठाइन औ एक मूंड़ के काने ह्वै के डारिन औ चारिउ कइत अहटाइन[4] तौ कौनौ कइत से न निकरी । पंडित सोचिन विचारिन औ धीरे से कहिन कि या मनई तौ बड़ा गमखोर है ।

---

१. सलाई　२. प्रातःकाल　३. सवेरा　४. टकरा-टकराकर टटोलना

कहकर सियार फिर "हुके-हुके, हुवा-हुवा" कहकर हंसने लगा। सियारिन ने पूछा, "क्या तुम इन सिरो का मूल्य जानते हो ?" सियार बोला, "जानता तो हू किन्तु बतलाऊगा नही, क्योकि यदि किसी ने सुन लिया तो सारा खेल ही बिगड जायगा।" सियारिन बोली, "तब तो तुम कुछ नही जानते, व्यर्थ ही डीग मारते हो। यहा आधी रात को कोन बैठा है जो तुम्हारी बात सुन लेगा और भेद खुल जायगा।" सियार को ताव आ गया। वह बोला, "तू तो मेरा विश्वास ही नही करती। अच्छा तो सुन, तीनो सिरो का मूल्य मै बतलाता हू। तीनो सिरो मे एक सिर ऐसा है कि यदि सोने की सलाई लेकर उसके कान मे से डाले और चारो ओर हिलाने-डुलाने से सलाई मुह से न निकले तो उसका मूल्य अमूल्य है। दूसरे सिर मे सलाई डालकर चारो ओर हिलाने-डुलाने से यदि मुह से निकल जाय तो उसका मूल्य दस हजार रुपया है। तीसरा सिर लेकर उसके कान से सलाई डालने पर यदि वह मुह नाक, आख सब जगह से पार हो जाय तो उसका मूल्य है दो कौडी।" पडिताइन यह सब सुन रही थी। चुपचाप दबे पाव घर की ओर चल पड़ी।

पडिताइन खुशी-खुशी घर पहुची। पडित अब भी मुह पर पिछौरी डाले पहले के समान चिन्ता मे डूबे पडे थे। पडिताइन ने चादर उठाई और कहा, "पडे-पडे क्या करते हो ? चलो उठो नहाओ-खाओ। क्यो व्यर्थ चिन्ता करते हो, मै बतलाऊगी उन सिरो का मूल्य।"

सवेरा होते-होते पडित उठे तो देखा दरवाजे पर राजा का सिपाही खडा है। पडित ने ठाट के साथ सिपाही को फटकारते हुए कहा, "सवेरा नही होने पाया और बुलाने आ गए! जाओ, राजा साहब से कह देना कि नहा ले, पूजा-पाठ करले, खा-पीलें तब आयगे।" सिपाही चला गया। पडित आराम से नहाये-धोये, पूजा-पाठ और भोजन किया। फिर पडिताइन से भेद पूछकर राजदरबार की ओर चले। पडित ने पहुचते ही कहा, "राजन्, मगाइए वे तीनो सिर कहा है ?"

राजा ने तीनो सिर मगवा दिये। पडित ने उन्हे चारो ओर इधर-उधर उलट-पलटकर देखा और कहा, "एक सोने की सलाई मगवा दीजिए।"

एखर पार नहि आय। महराज, लिखी एखर मोल अमोल है। येखे पाछे पंडित दुसरकंवा[1] मूड़ लिहिन। औ ओखे काने ह्वै के सराई डारिन औ चारौं कइत अहटाइन तौ मुंहे ह्वै के सराई निकर आई तौ कहिन कि या आदमी तौ कान का कच्चा है। जउन कान से सुनत है ओही मुंहे से कहिउ डारत है। लिखी राजा साहेब एखर मोल दस हजार रुपिया। तिसरे मूंड़े मा काने से सराई डार के लाग पंडित अहटामैं तौ ओखे आंखी, नकुवा, मुंहे सबै जघा से सराई निकरै लाग तौ पंडित मुंह बिचकाय[2] के कहिन—अरे या मनई तौ कौनौ काम केर नहि आय। या कौनौ बात थोरौ नहीं पचाय सकै। कान का बड़ा कच्चा है। लिखी राजा साहेब एखर मोल दुई कौड़ी। ऐसेन चुगुलखोर मनई का मोल एतनै बहुत है। पंडित को जवाब सुनके राजा बड़े खुशी भे औ बहुत का सोना चांदी हीरा जवाहर दै के पंडित का बिदा किहिन।

पंडित अपनै घरै गे औ राजा तीनौं मूंड़न के साथ वहै मोल लिखी के राजा इन्द्र के दरबार मा भेजवाय दिहिन। राजा इन्द्र बड़े खुशी भे। सारी राज मां हुम्न बरसा। रिआया खुशहाल ह्वै गै।

---

१. दूसरा २. मुंह बनाकर

सलाई मगवा दी गई। पडित ने एक सिर को उठाकर उसके कान मे सलाई डाली। चारो ओर हिलाई-डुलाई, पर वह कही से न निकली। पडित कहने लगा, "यह आदमी बडा गभीर है, इसका भेद नही मिलता। लिखिए महाराज, इसका मूल्य अमूल्य है।" फिर दूसरा सिर उठाकर उसके कान मे सलाई डाली। हिलाई-डुलाई तो सलाई उसके मुंह से निकल आई। वह कहने लगा, "यह आदमी कान का कुछ कच्चा है। जो कान से सुनता है वह मुह से कह डालता है। लिखिए महाराज, इसका मूल्य दस हजार रुपया।" पडित ने तीसरा सिर उठाया, उसके कान से सलाई डालते ही उसके मुह, नाक, आख सभी जगह से सलाई पार हो गई। उसने मुह बनाकर कहा, "अरे, यह आदमी किसी काम का नही। यह कोई भेद नही छिपा सकता। लिखिए महाराज, इसका मूल्य दो कौडी। ऐसे कान के कच्चे तथा चुगलखोर आदमी का मूल्य दो कौडी भी बहुत है।"

पडित का उत्तर सुनकर राजा प्रसन्न हुआ। उसने पडित को बहुत-सा धन, हीरा-जवाहरात देकर विदा किया।

इधर राजा ने तीनो सिरो का मूल्य लिखकर राजा इन्द्र के दरबार मे भिजवा दिया। इन्द्र प्रसन्न हुए। सारे राज्य में सोना बरसा। प्रजा खुशहाल हो गई।

राजा के बेटा के गेआन आ साधू के तीनगो बात

: ६ :

भोजपुरी

